दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 18 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष एकादशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-325 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

सही बात है। मुसीबत जब आती है तो चौतरफा आती है। कभी कभी तो यह मुसीबत दूबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत को चरितार्थ कर जाती है। दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे ब्रम्हाण्ड के सबसे अच्छे शिक्षा मंत्री महान शिक्षाविद श्री श्री 1008 श्री प्रातः स्मरणीय माननीय श्री मनीष सिसोदिया का शराब घोटाले से पिंड अभी छूटा नहीं है और अब उनके पीछे जासूसी कांड का जिन्न भी लग गया है। शिक्षा घोटाले का भी पर्दाफाश होने जा रहा है। लगता है अब इस महामानव की जिंदगी जेल में कैदियों को शिक्षा देते हुए ही कटेगी। जय हो गुरू घंटाल की।

//-- सुविचार --//

जिस समय कोई समस्या जन्म लेती है, उसके साथ ही उसका समाधान भी जन्म लेता है।

जनसंख्या

विश्व : 8,022,396,620

भारत : 1,417,525,963

बाजार

सेंसेक्स : 57989.90

निफ्टी : 17100.00

गोल्ड : 58,840 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 69,800 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	33.5	22.6
बिलासपुर	34.0	21.4
जगदलपुर	24.2	18.5
अंबिकापुर	29.5	15.7

आज का दिवस

आयुध निर्माण दिवस

आयुध निर्माण दिवस भारत में प्रतिवर्ष 18 मार्च को मनाया जाता है। इस अवसर पर पूरे देश में जगह जगह रक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी व विभिन्न आयु वर्ग में आयुध दौड़ का आयोजन किया जाता है। रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले रक्षा उत्पाद विभाग को राष्ट्र की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए अवसंरचना सम्बन्धी उत्पादों के व्यापक उत्पादन को विकसित करने के उद्देश्य से किया जाता है। भारतीय आयुध निर्माणियाँ एक भव्य औद्योगिक संरचना हैं जो रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग के अंतर्गत कार्य करती हैं।

पत्रकार सुरक्षा कानून, नई नक्सल नीति को मंजूरी, बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी अब डीएसपी

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में मंत्री परिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। भूपेश कैबिनेट की बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। इस बैठक में नगरीय क्षेत्रों में आवासहीनों को पट्टा दिए जाने, नई नक्सल नीति, पत्रकार सुरक्षा कानून सहित विधायकों के वेतन, भत्ते व पेंशन विधेयक, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संशोधन विधेयक को मंजूरी दी गई है। वहीं कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 बरमिंघम में सिल्वर मेडल प्राप्त आकर्षी कश्यप दुर्ग को उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर नियुक्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने 2500 करोड़

छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए करीब 2500 करोड़ रुपए की विश्व बैंक परियोजना- चाक के क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया तथा ऋण को अंतिम रूप से स्वीकृति प्रदान करने के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी का नवीन पद अस्थाई रूप से एक वर्ष की अवधि के लिये निर्मित किये जाने का निर्णय लिया गया।

इन फैसलों पर भी लगाई मुहर

- छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक- 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- छग भू राजस्व संहिता-1959 में (संशोधन) विधेयक 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- छग नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ते एवं पेंशन (संशोधन) विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

गांधी प्रतिमा के सामने विपक्ष का धरना

नयी दिल्ली (वार्ता)। अदानी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए संसद के दोनों सदनों में संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग कर रहे विपक्षी दलों के नेताओं ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने धरना दिया। कांग्रेस के नेतृत्व में ज्यादातर विपक्षी दलों के सदस्यों ने संसद भवन परिसर में बड़ी संख्या में गांधी प्रतिमा के सामने धरना दिया और अदानी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग की। सभी दलों के सदस्य इस समिति के गठन की मांग से संबंधित तख्तियां हाथ में लेकर नारेबाजी कर रहे थे। कुछ सदस्य हाथ में डफली लेकर बजा रहे थे और साथ में 'वी वांट जेपीसी' के नारे लगा रहे थे। धरना देने वाले दलों में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी , वामपंथी दल, आम आदमी पार्टी, द्रमुक, भारत राष्ट्र समिति, नेशनल कान्फ्रेंस, शिवसेना उद्धव बालासाहब ठाकरे आदि के नेता थे। विपक्षी दलों के नेताओं ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर जेपीसी के गठन की मांग की थी जबकि बुधवार को इसी मामले में संसद भवन से प्रवर्तन निदेशालय तक पैदल मार्च शुरू किया था हालांकि पुलिस ने उन्हें विजय चौक पर ही रोक दिया था। उल्लेखनीय है कि संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन से ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार चल रही है जिसके कारण संसद में पूरे सप्ताह कामकाज ठप रहा। जहां विपक्ष अदानी समूह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल को नहीं, मोदी को माफी मांगनी चाहिए

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि विदेश में भारतीयों का मान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नहीं गिराया बल्कि यह काम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है और इसके उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। खडगे ने शुक्रवार को यहां कहा कि श्री मोदी ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया तथा अन्य कई देशों में जाकर भारतीयों का अपमान किया इसलिए श्री मोदी को देश से माफी मांगनी चाहिए। उनका कहना था कि कांग्रेस ने हमेशा देश का मान बढ़ाया है इसलिए राहुल के माफी मांगने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। मोदी ने 6-7 देशों में जाकर, विदेशी धरती पर जाकर बोलें हैं कि 'हिन्दुस्तान के लोग ये बोल रहें हैं कि हमने क्या पाप किया जो हम भारत में पैदा हुए' ऐसा व्यक्ति हमको देशद्रोही बोल रहा है। मोदी ने भारत के नागरिकों का अपमान किया, आपको माफी मांगनी चाहिए।

100 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। 15 मार्च को भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विधानसभा का घेराव किया था। इस मामले में अब रायपुर पुलिस ने 100 से अधिक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज किया है। पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने केस दर्ज करवाया है। एएसपी डीएसपी रैंक के अधिकारियों के साथ मारपीट उन्हें घायल करने और कुछ जगहों पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने जैसे आरोप भाजपा नेताओं पर लगाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, 50-50 अलग अलग कार्यकर्ताओं के समूह पर दो एफ आईआर दर्ज की गई है। धारा 147 के तहत नगर निगम जोन 9 के अफसरों ने केस दर्ज कराया है। एफआईआर में लिखा है- विधानसभा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा पुलिस के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी में

विधानसभा घेराव के दौरान जिरो पॉइंट से लगे एक बैरिकेड के पास बड़ी तादाद में कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा हो गई थी। एक पुलिसकर्मी को इस दौरान स्मोक बम का गोला भीड़ पर फेंकते देखा गया, जो भाजपा कार्यकर्ताओं पर फट पड़ा। इस घटना में दो भाजपा कार्यकर्ताओं को बुरी तरह से चोट भी लगी जिनका अस्पताल में इलाज जारी है । प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने इसे हत्या करने की साजिश बताया है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में हम कानूनी सलाह लेकर आगे की कार्रवाई करेंगे।

स्वप्नलोक कॉम्पलेक्स में लगी भीषण आग, छह की मौत, सात को बचाया

हैदराबाद (वार्ता)। हैदराबाद के सिकंदराबाद में एक बहुमंजिला वाणिज्यिक स्वप्नलोक कॉम्पलेक्स में गुरुवार रात भीषण आग लगने से चार लड़कियों समेत छह लोगों की मौत हो गयी और अन्य सात लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि सभी मृतकों की आयु 25 वर्ष से कम है और आग लगने के समय 13 लोग कॉम्पलेक्स के अंदर थे। अग्निशमन कर्मियों द्वारा विशाल क्रेन की मदद से उन्हें बेहोशी की हालत में कॉम्पलेक्स से बाहर निकाला गया और गांधी अस्पताल और अपोलो अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया घना धुंआ होने के कारण सांस लेने में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्र ने पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क परियोजना को दी मंजूरी

■ **देश के सात राज्यों में बनाए जाएंगे पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क**

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्र की मोदी सरकार ने देश के सात राज्यों में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की मंजूरी दे दी है। इस परियोजना में देश में करीब 14 लाख से ज्यादा नई नौकरियों के अवसर बनेंगे। इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इसमें कपड़ों का पूरा काम एक ही जगह होगा। सरकार के इस मेगा इंटिग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क से कपड़े तैयार करने से लेकर उनकी मार्केटिंग, डिजाइनिंग और एक्सपोर्ट सभी एक ही जगह से हो सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विट करके इसकी जानकारी दी है। प्रधानमंत्री ने ट्विट करके बताया है कि पीएम मित्रा मेगा टेक्सटाइल पार्क देश में तेलंगाना, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक, यूपी, गुजरात और एमपी में स्थापित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कपड़ा उद्योग के लिए पीएम मित्र स्कीम को मंजूरी दे दी है। इस स्कीम के तहत अगले पांच सालों में कुल 4,445 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन पार्क्स को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाना है। यह 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' का एक बेहतरीन उदाहरण होगा। इस योजना से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। कपड़ा मंत्रालय रुपये के कुल परिव्यय के साथ 7 मेगा एकीकृत कपड़ा क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करेगा। इन पार्क्स को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इस मेगा परियोजना से कपड़ा उद्योग में बूम आएगा। इसमें कपड़ों की डिजाइनिंग से लेकर उनकी मार्केटिंग और एक्सपोर्ट सभी एक ही जगह होगा। बता दें कि अभी भारत दुनिया में कपड़ों का छठा सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है।

मनीष सिसोदिया की रिमांड पांच दिन और बढ़ी, अब 22 को पेशी

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली की शराब नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय ने आप नेता मनीष सिसोदिया की कस्टडी पूरी होने के बाद शुक्रवार को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। ईडी ने सिसोदिया की 7 दिन की हिरासत की मांग की। हालांकि कोर्ट ने 5 दिन की रिमांड का आदेश सुनाया है। अब सिसोदिया को 22 मार्च की दोपहर में कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं कोर्ट ने अपने आदेश में मनीष सिसोदिया को अपने घरेलू खर्चों के लिए चेक पर हस्ताक्षर करने और जब्त किए गए बैंक खातों के इस्तेमाल की भी अनुमति दे दी है। वहीं आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि ईडी ने आधारहीन रिमांड ली है। उन्होंने आगे कहा कि मनीष सिसोदिया के साथ आतंकवादी से भी बदतर सलूक किया जा रहा है। इससे पहले सुनवाई के दौरान सिसोदिया के वकील ने दावा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विश्व अर्थव्यवस्था में गिरावट का जोखिम खत्म, देश में महंगाई का बुरा दौर पीछे छूटा : दास

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि बैंकिंग प्रणाली के लिए अत्यधिक जमा या ऋण वृद्धि खराब है। उन्होंने कहा विश्व अर्थव्यवस्था में बड़ी गिरावट का जोखिम समाप्त हो गया है। दास ने कहा, हमारा वित्तीय क्षेत्र स्थिर है और हमने महंगाई के सबसे बुरा दौर को पीछे छोड़ दिया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि हमारा विदेशी कर्ज मैनेजेबल (नियंत्रण) में है, इसलिए डॉलर के मजबूत होने से हमें कोई समस्या नहीं है। आरबीआई गवर्नर ने डॉलर में वृद्धि के कारण उच्च विदेशी ऋण जोखिम वाले देशों की मदद के लिए जी20 देशों की ओर से समन्वित प्रयासों का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि जी-20 देशों को युद्ध स्तर पर सबसे अधिक प्रभावित देशों को जलवायु परिवर्तन वित्तपोषण प्रदान करना चाहिए। दास के अनुसार अमेरिका में जारी बैंकिंग संकट मजबूत नियामकों और सतत वृद्धि के महत्व को बढ़ाता है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मौजूदा अमेरिकी बैंकिंग संकट स्पष्ट रूप से वित्तीय प्रणाली के लिए निजी क्रिप्टोकरेंसी से जोखिम को दर्शाता है।

छत्तीसगढ़ में 10 नए खेलो इंडिया सेंटर की स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ में खेलो इंडिया स्कीम के तहत दस नए खेलो इंडिया लघु केन्द्रों की स्थापना की मंजूरी दी गई है। ये दस केन्द्र अलग-अलग जिलों में एक-एक खेल के लिए खोले जाएंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा हॉकी, कुश्ती, फुटबाल, कबड्डी और तीरंदाजी के लिए खेलो इंडिया लघु केन्द्र की मंजूरी दी गई है। इन केन्द्रों की स्थापना के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगा। छत्तीसगढ़ में अब खेलो इंडिया स्कीम के तहत कुल केंद्रों की संख्या 24 हो गई है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में 10 नए खेलो इंडिया केन्द्र की मंजूरी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का अच्छा अवसर प्राप्त होगा। आने वाले समय में ये खिलाड़ी न सिर्फ राज्य में बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश और देश का नाम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

संसद का पूरा सप्ताह शोरगुल, हंगामे की भेंट चढ़ा

नयी दिल्ली (वार्ता)। बजट सत्र में मध्यावकाश के बाद संसद में पहला पूरा सप्ताह सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार की भेंट चढ़ गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लंदन में दिये गये बयान पर और अडानी समूह के मामलों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति की मांग को लेकर दोनों सदनों में सत्ता और विपक्ष के सदस्यों के शोरगुल और हंगामे के कारण शुक्रवार को दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चल सकी। सप्ताह के बाकी दिनों की तरह आज भी लोकसभा में पूर्वाह्न 11 बजे जैसे ही प्रश्न काल शुरू हुआ, विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आ गये और हंगामा करने लगे। वे अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग की अडानी समूह पर आयी रिपोर्ट को लेकर जांच की मांग कर रहे थे। इसके बाद सत्ता पक्ष के सदस्य भी अपनी-अपनी सीट के निकट खड़े होकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेश में भारत के लोकतंत्र को लेकर दिये गये वक्तव्य पर माफी की मांग करने लगे। इस बीच संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कुछ कहा लेकिन शोरशराबे के कारण कुछ भी सुनायी नहीं दिया। अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा कर रहे कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों से कहा कि वे सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने दें। सदन में सामान्य स्थिति होने पर वह सभी को अपनी बात कहने का मौका देंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यों का व्यवहार जनता देख रही है। अध्यक्ष के आग्रह के बावजूद विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे। सदन में हंगामा रुकते न देख श्री बिरला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेडिकल कोर्स को निजी विश्वविद्यालयों के हाथों सौंपने का विरोध शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मेडिकल पाठ्यक्रमों को निजी विश्वविद्यालयों के हाथों सौंपने की तैयारी के बीच नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इसका विरोध शुरू कर दिया। शासन के इस फैसले को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी जा सकती है। जानकारी के मुताबिक, आयुष विश्वविद्यालय पिछले 10 माह से चिकित्सा शिक्षा को निजी हाथों में सौंपने के विरोध में अपना अभिमत (पत्र संलग्न) संबंधित सारे विभागों एवं उच्च अधिकारियों को समय-समय पर दे रहा है। साथ ही इस ओर अपनी चिंता भी जाहिर कर रहा है। चिकित्सा शिक्षा भी निजी विश्वविद्यालयों को ऐसे समय पर दी जा रही है। जब प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों के फ जीवाड़े आम है। इस पर शासन स्वयं की जांच रिपोर्ट यह बताती है कि निजी विश्वविद्यालय ना कोई रिकॉर्ड रख रहे हैं ना ही शासन के कोई नियम को मान रहे। प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा को बेचने के ऐसे सारे प्रयासों का विरोध करेगा और इसके खिलाफ मुख्यमंत्री से शिकायत भी करेगा। अगर जल्दी इस मामले पर कोई ठोस पहल राज्य सरकार नहीं करती तो संगठन इसे हाईकोर्ट में भी चुनौती देगा।

दो ही कोर्स निजी विश्वविद्यालयों के हाथों में नहीं: छत्तीसगढ़ प्रदेश में सिर्फ दो ही ऐसे पाठ्यक्रम है जो निजी विश्वविद्यालयों के हाथों में नहीं है। इनमें पहला पाठ्यक्रम चिकित्सा शिक्षा से जुड़ा है जो पूरे प्रदेश में आयुष विश्वविद्यालय संचालित करता है। वहीं कृषि से जुड़े सारे पाठ्यक्रम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित है। आयुष विश्वविद्यालय स्वास्थ्य विभाग के अधीन काम करता है तो वहीं कृषि विश्वविद्यालय कृषि मंत्रालय के अधीन है।

गुणवत्ता को लेकर शिकायत नहीं

नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन का दावा है कि आयुष विश्वविद्यालय के गठन 2008 के बाद से आज तक विश्वविद्यालय में कोई विवाद उत्पन्न नहीं हुआ या गुणवत्ता को लेकर ऐसी कोई शिकायत नहीं हुई। जब कोई विवाद की स्थिति भी हुई तो इस सरकारी विश्वविद्यालय ने अपनी मौजूदगी दर्ज की है। इसी वर्ष निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के समय निजी महाविद्यालयों में गुणवत्ता की दुहाई देकर चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश रोकने का भी दावा किया है।

संपादकीय

अडानी-श्रीलंका: मोदी की चुप्पी?

गौतम अडानी और हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मामले पर नए रहस्योद्घाटन लगभग रोज़ ही हो रहे हैं। इस बार का संसद का सत्र भी इसी मामले का शिकार होनेवाला है, क्योंकि विपक्ष के पास इसके अलावा कोई बड़ा मुद्दा है ही नहीं। वैसे एक मुहावरे में कहा भी गया है कि 'भागते भूत की लंगोटी ही काफी।' अब अंग्रेजी के 'हिंदू' अखबार में श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी की एक भेंटवार्ता छपी है। उसमें साबरी ने दावा किया है कि श्रीलंका की सरकार के साथ अडानी के कोलंबो बंदरगाह और विद्युत परियोजना के जो सौदे हुए हैं, वे ऐसे ही हैं, जैसे कि दो सरकारों के बीच होते हैं। यह कथन बहुत मायने रखता है। पता नहीं, यह बोलते हुए साबरी को इस बात का ध्यान रहा या नहीं कि अडानी और हमारी सरकार के संबंधों को लेकर यहां बड़ा बावेला उठ खड़ा हुआ है। साबरी ने श्रीलंका के इस भयंकर संकट के समय भारत द्वारा दी गई प्रचुर सहायता के लिए मोदी सरकार का बड़ा आभार माना है लेकिन उन्होंने मोदी और अडानी को एक-दूसरे का पर्याय बना दिया है। कोई आश्चर्य नहीं कि भारत के विपक्षी नेताओं को अब एक छड़ी हाथ लग जाए, जिससे वे मोदी सरकार पर प्रहार कर सकें। अभी तक तो हमारा विपक्ष सिर्फ अडानी की खाली तूती बजा रहा है, जिसका असर शेयर मार्केट पर तो पड़ा है लेकिन वह जनता के कानों में नहीं गूंज पा रही है। श्रीलंका के विदेश मंत्री साबरी ने भी कहा है कि अडानी के शेयरों में हालांकि 140 बिलियन डॉलर का पतन हो गया है लेकिन उन्हें अडानी समूह की कार्यक्षमता पर पूरा भरोसा है। साबरी शायद कहना यह चाह रहे हैं कि अडानी में उनका भरोसा इसलिए है कि भारत सरकार में उनका भरोसा है। दूसरे शब्दों में भारत सरकार और अडानी को वे एक ही सिक्के के दो पहलू समझ रहे हैं। जैसा उत्साह श्रीलंका ने अडानी की परियोजनाओं के बारे में दिखाया है, वैसा ही उत्साह इस्राइल ने भी दिखाया है। हमारा विपक्ष इस्राइल से हुए अडानी के सौदे का प्रधानमंत्री की इस्राइल-यात्रा का ही परिणाम बताता है। इस्राइल का हैफा बंदरगाह सामरिक दृष्टि से पश्चिम एशिया का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। अडानी ने उसे 1.2 बिलियन डॉलर में खरीद लिया है। इस तरह के कई सौदे अडानी समूह ने देश और विदेश में किए हैं। हमें देखना यह है कि क्या इन सौदों से भारत का कोई नुकसान हुआ है? यदि नहीं हुआ है तो विपक्ष द्वारा खाली-पीली शोर मचाने का कोई नतीजा नहीं निकलनेवाला है। देश में आज तक एक भी सरकार ऐसी नहीं हुई है, जिसने भारतीय उद्योगपतियों के साथ पूर्ण असहयोग का रास्ता अपनाया हो। वे असहयोग करेंगी तो देश की हानि ही होगी। उनके सहयोग का वित्तीय फायदा उन्हें जरूर मिलता है। उसके बिना भी राजनीति चल नहीं सकती। यदि अडानी-समूह ने कोई कानून-विरोधी कार्य किया है या उसके किसी काम से देश या जनता की हानि हुई है तो वह दंड का भागीदार अवश्य होगा। यदि अडानी-समूह ने फर्जीवाड़ा किया है तो वह भुगतेगा लेकिन इसमें मोदी क्या करें? मोदी कुछ बोलते क्यों नहीं? मोदी की चुप्पी विपक्ष की आवाज को बुलंद कर रही है।

भ्रष्टाचार पर लगातार वार होना चाहिए

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> मोदी सरकार राजनीतिक दलों के भ्रष्टाचार पर ही नहीं नौकरशाहों की भी लगाम कसे हुए हैं। वर्ष 2019 में मोदी सरकार ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 22 अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया है। जिन 22 अधिकारियों को सेवानिवृत्त किया गया है वह अधीक्षक और एओ रैंक के हैं। इन्हें जनहित के मौलिक नियम 56 (जे) के तहत सेवानिवृत्त किया गया है। सभी पर भ्रष्टाचार और गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे थे। जिसके कारण यह फैसला लिया गया था। वैसे यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने कड़ा कदम उठाते हुए सीबीआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया है। इससे पहले जून 2019 में 15 अधिकारियों को भी सेवानिवृत्त किया गया था। यह अधिकारी सीबीआईसी के प्रधान आयुक्त, आयुक्त, और उपायुक्त रैंक के थे। जिसमें ज्यादातरों पर भ्रष्टाचार, घूसखोरी के आरोप लगे थे। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद कर विभाग के 12 वरिष्ठ अधिकारियों को सेवानिवृत्त किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालते ही अपनी सरकार का इरादा साफकर दिया था। कहा था- न खायेंगे और न खाने देंगे। बाद के दिनों में भी पीएम मोदी लगातार भ्रष्टाचार पर प्रहार करने की बात करते रहे हैं। तब शायद किसी को यह अंदाजा नहीं रहा होगा कि देश में अवैध कमाई और दूसरे गलत माध्यमों से अर्जित धन को खोद निकालने के लिए सुस्त पड़े प्रवर्तन निदेशालय (म्व) को सक्रिय करने की उन्होंने योजना बना ली है। उनकी चेतावनी के बावजूद अवैध धन अर्जित करने की धुन में लोग लगे रहे। ईडी की सक्रियता देखते हुए लगता तो है कि अब उनकी खैर नहीं। कड़वा सत्य है कि राजनीतिक और प्रशासनिक भ्रष्टाचार एक-दूसरे के परस्पर गठजोड़ से ही पनपते हैं। खास बात यह है कि इस भ्रष्टाचार में निजी क्षेत्र और कार्पोरेट पूंजी की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बाजार की प्रक्रियाओं और शीर्ष राजनीतिक-प्रशासनिक मुकामों पर लिए गए निर्णयों के बीच सांठ-गांठ के बिना यह भ्रष्टाचार इतना बड़ा रूप नहीं ले सकता।

आजादी के बाद भारत में राजनीतिक और प्रशासनिक भ्रष्टाचार की यह घनिष्टता तेजी से पनपी है। निजी क्षेत्र को दिए गए ठेकों और लाइसैंसों के बदले लिया गया कमीशन, हथियारों की खरीद-बिक्री में लिया गया कमीशन, फर्जीवाड़े और अन्य आर्थिक अपराधों द्वारा जमा की गई रकम, टैक्स-चोरी में मदद और प्रोत्साहन से हासिल की गई रकम, सरकारी प्रभाव का इस्तेमाल करके किसी कंपनी को लाभ पहुंचाने और उसके बदले रकम वसूलने और फायदे वाली नियुक्तियों के बदले वरिष्ठ नौकरशाहों और नेताओं द्वारा वसूले जाने वाले अवैध धन जैसी गतिविधियां प्रशासनिक भ्रष्टाचार की श्रेणी में आती हैं। पहले भी घोटाले-घपले और भ्रष्टाचार के मामले उजागर होते रहे हैं, लेकिन वे अंजाम तक नहीं पहुंच पाये। भ्रष्टाचार के सुरसा की मुंह की तरह बढ़ते जाना उसी का नतीजा है। ईडी ने हाल ही में ताजा आंकड़े जारी किये हैं। उसमें यूपीए और मोदी सरकार के कार्यकाल के नौ साल का लेखाजोखा है। प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया है कि अप्रैल 2014 से मार्च 2022 के दरम्यान 3,555 केस दर्ज किए गए और 99 हजार 355 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गयी। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के नौ साल यानी जुलाई 2005 से मार्च 2014 तक के कार्यकाल में ईडी ने 1,867 मामले दर्ज किए थे और मनी लॉन्ड्रिंग के तहत 4,156 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि महज पिछले 4 महीनों में 7,833 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच हुई है और 785 नए मामले दर्ज किए गए हैं।

यूपीए सरकार के नौ साल के मुकाबले मोदी सरकार के कार्यकाल में ईडी द्वारा दर्ज मामले 88 प्रतिशत तक बढ़े हैं। अप्रैल 2021 से 30 नवंबर 2021 के दौरान देश में मनी लॉन्ड्रिंग के 395 मामले दर्ज हुए थे और 8,989.26 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की गई थी। इन आंकड़ों को देखने पर इस बात की आश्वस्ति तो होती ही है कि यूपीए सरकार में सुस्त पड़े ईडी की सक्रियता मोदी के कार्यकाल में बढ़ गयी है। ईडी में 51 सांसदों और 71 विधायकों के खिलाफ जांच जारी है। वे सभी विपक्ष के नहीं हैं। ये जांच एजेंसियां पहले की सरकारों के अधीन भी कार्यरत थीं, लिहाजा आज भी मौजूदा सरकार के संवैधानिक अधिकार-क्षेत्र में हैं। यदि आज इनका दुरुपयोग किया जा रहा है, तो पहले की सरकारों ने भी 'तोता' बनाकर रखा था। यह सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी है। मामलों का कम और ज्यादा होना बेमानी है।

मोदी सरकार राजनीतिक दलों के भ्रष्टाचार पर ही नहीं नौकरशाहों की भी लगाम कसे हुए हैं। वर्ष 2019 में मोदी सरकार ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 22 अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया है। जिन 22 अधिकारियों को सेवानिवृत्त किया गया है वह अधीक्षक और एओ रैंक के हैं। इन्हें जनहित के मौलिक नियम 56 (जे) के तहत सेवानिवृत्त किया गया है। सभी पर भ्रष्टाचार और गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे थे। जिसके कारण यह फैसला लिया गया था। वैसे यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने कड़ा कदम उठाते हुए सीबीआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया है। इससे पहले जून 2019 में 15 अधिकारियों को भी सेवानिवृत्त किया गया था। यह अधिकारी सीबीआईसी के प्रधान आयुक्त, आयुक्त, और उपायुक्त रैंक के थे। जिसमें ज्यादातरों पर भ्रष्टाचार, घूसखोरी के आरोप लगे थे। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद कर विभाग के 12 वरिष्ठ अधिकारियों को सेवानिवृत्त किया गया था। भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम 2014 से ही मोदी सरकार का बुनियादी सरोकार रहा है। सचिव स्तर के अधिकारियों और वरिष्ठ नौकरशाहों के साथ बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बिलकुल स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में किसी भी आधार और स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगा। अलबत्ता अधिकारी खुद को ही पीएम समझें और आगामी पांच सालों का एजेंडा तैयार करें।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भ्रष्टाचार इसमें बहुत बड़ा व्यवधान है, लिहाजा मोदी सरकार ने अपनी दूसरी पारी भ्रष्टाचार पर सर्जिकल स्ट्राइक से शुरू की है। अपने बीते कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 3 लाख फर्जी कंपनियों पर ढक्कन लगवाए थे। बेनामी संपत्ति और भगौड़ा आर्थिक अपराधी कानून बनाए। करीब 1.25 लाख संदिग्धों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की जांचात्मक कार्रवाई की जा रही है। अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि ज्यादातर संदिग्धों को जेल की हवा खानी ही पड़ेगी। बैंकों में भ्रष्ट लेन-देन की भी जांच जारी है। संपत्ति की खरीद-बेच में नकदी की सीमा तय कर दी गई है। अब काला-सफेद की गुंजाइश बहुत कम रह गई है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आम जनता की अपेक्षा यह है कि अंततरू भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन, सरकार ही होनी चाहिए। वास्तव में राजनेताओं का भ्रष्टाचार लूके-छिपे यथावत बदस्तूर जारी है। यह एक बड़ा सच है कि यदि नेता लोग रिश्वत नहीं खायेंगे, डरा-धमकाकर पैसा वसूल नहीं करेंगे और बड़े व्यावसायिक घरानों की दलाली नहीं करेंगे तो वे चुनावों में खर्च होने वाले करोड़ों रुपया कहां से लाएंगे? उनके ऐशोआराम पर रोज खर्च होनेवाले हजारों रुपया का इंतजाम कैसे होगा? उनकी और उनके परिवार की चकाचैंधपूर्ण जिंदगी कैसे चलेगी? इस राजनेताओं की भ्रष्ट अनिवार्यता को ढाई हजार साल पहले आचार्य चाणक्य और यूनानी दार्शनिक प्लेटो ने अच्छी तरह समझ लिया था।

आज का पंचांग (शनिवार, 18 मार्च 2023)

बृह 12	12 · 29 · बुध-09 · 10	9
13 राहु	सूर्य0 -शुक्र-28 · शनि-03	05 · चन्द्र05-केतु-13
19 मंगल	3 · 5 · 6	7

सूर्योदय : 06:32 सूर्यास्त : 06:24
चन्द्रोदय : 27:18 चन्द्रास्त : 12:21

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वत : 2079 (नल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी/द्वादशी, नक्षत्र : श्रवण, योग : व्यतीपात (10:07 से वरीयान), प्रथम करण : गर (16:39 तक), द्वितीय करण : वणिज (27:26 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : धनु, मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:02 से 12:50, अमृत काल : 24:18 से 25:48, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:14, गोधूलि मुहूर्त : 18:23 से 18:47, सायाह्न सन्ध्या : 18:25 से 19:37, निशिता मुहूर्त : 24:01 से 24:49, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:26 से 07:56, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पाताल (16:39 पृथ्वी), भद्रावास : पाताल (27:26 से), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : सभा में (16:39 से क्रीड़ा में)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - शुभ, 2 - रोग, 3 - उद्वेग, 4 - चर, 5 - लाभ, 6 - अमृत, 7 - काल, 8 - शुभ

॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - अमृत, 2 - चर, 3 - रोग, 4 - काल, 5 - लाभ, 6 - उद्वेग, 7 - शुभ, 8 - अमृत

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः पूर्व-उत्तर (दही का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष- उपनयन संस्कार+देवप्रतिष्ठा मुहूर्त प्रातः 11:09 से दोपहर 12:38 तक, चूड़ाकर्म संस्कार+गृहप्रवेश+ वाहन क्रय-विक्रय मुहूर्त प्रातः 11:09 से दिन 03:34 तक, नींव खुदाई एवं गृहारम्भ मुहूर्त प्रातः 11:09 से दोपहर 12:38 तक, विद्या एवं अक्षर आरम्भ मुहूर्त प्रातः 09:47 से 10:13 तक आदि।

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज 28:47 तक जन्मे शिशुओ का नाम श्रवण नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (खी, खो, खे, खो) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:01 से 06:27, मीन - 06:27 से 07:50, मेष - 07:50 से 09:24, वृषभ - 09:24 से 11:19, मिथुन - 11:19 से 13:33, कर्क - 13:33 से 15:55, सिंह - 15:55 से 18:14, कन्या - 18:14 से 20:32, तुला - 20:32 से 22:53, वृश्चिक - 22:53 से 25:12, धनु - 25:12 से 27:16, मकर - 27:16 से 28:57।

पञ्चक रहित मुहूर्त

चोर पञ्चक - 06:26 से 06:27, शुभ मुहूर्त - 06:27 से 07:50, शुभ मुहूर्त - 07:50 से 09:24, चोर पञ्चक - 09:24 से 11:19, शुभ मुहूर्त - 11:19 से 13:33, रोग पञ्चक - 13:33 से 15:55, शुभ मुहूर्त - 15:55 से 16:39, मृत्यु पञ्चक - 16:39 से 18:14, अग्नि पञ्चक - 18:14 से 20:32, शुभ मुहूर्त - 20:32 से 22:53, रज पञ्चक - 22:53 से 25:12, शुभ मुहूर्त - 25:12 से 27:16, चोर पञ्चक - 27:16 से 28:47, शुभ मुहूर्त - 28:47 से 28:57, रोग पञ्चक - 28:57 से 30:25।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आपके लिये आज का दिन कष्ट वाला रहेगा। घरेलु कलह के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी।
वृष - आज के दिन परिस्थितियों में थोड़ा सुधार रहेगा। नौकरी व्यवसाय सम्बंधित कार्यो के प्रति अधिक गंभीर रहेंगे।
मिथुन- आज के दिन आपकी राशि से चतुर्थ चंद्र सम्बन्धो अथवा आर्थिक मामलो में अवश्य हानि कराएगा।
कर्क- आज के दिन आप अधिक व्यस्त रहेंगे व्यवसाय एवं घर के कार्य एक साथ आने से थोड़ी परेशानी रहेगी फिर भी तालमेल बैठा लेंगे।
सिंह- आज के दिन आप आत्मनिर्भर होकर कोई भी कार्य नहीं कर पाएंगे अधिकांश कार्यो में किसी की सहायता की आवश्यकता पड़ेगी।
कन्या- आपका आज का दिन मिला जुला रहेगा। मन के विचार पल में बदलने से निर्णय लेने में परेशानी होगी अथवा निर्णय जल्दबाजी में लेने से गलत सिद्ध होंगे।
तुला- आज के दिन आपकी सोची योजनाएं असफल होने की संभावना है कार्यो में पहले सफलता मिलती नजर आएगी लेकिन अंत समय में कोई व्यवधान आएगा।
वृश्चिक - सामाजिक दृष्टिकोण से आज का दिन मान-सम्मान दिलाने वाला रहेगा लेकिन अहम् की भावना भी अधिक रहेगी।
धनु - आज के दिन आपके अंदर परोपकार की भावना रहेगी। लेकिन सामजिक व्यवहारों के प्रति नीरसता दिखायेगे आस पास की घटनाओं को जानते हुए भी अनदेखा करेंगे।
मकर - आज के दिन आप धार्मिक गतिविधियों में अधिक सक्रियता दिखाएंगे तंत्र मंत्र एवं गुड़ विषयो के नए अनुभव मिलेंगे
कुंभ- आज के दिन आपके सभी कार्य आशा के विपरीत रहने वाले है। स्वास्थ्य भी अचानक बिगड़ने से कार्य करने में असहजता होगी।
मीन- आज के दिन आप यात्रा की योजना बनाएंगे परन्तु अंत समय में निर्णय की स्थिति के कारण स्थगित करनी पड़ सकती है। नौकरी व्यवसाय में परिश्रम के बाद स्थित पूर्णतः आपके नियंत्रण में रहेगी।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

काल्पनिक नहीं था

काल्पनिक नहीं था वह प्रथम संवाद, बेहद कोमल रहा तुम्हारे और मेरे मध्य जैसा- कई वर्षो का ज़िक्र लिए हुए, एक संवाद स्थापित करता है अपनत्व को, उधेड़बुन भरे जीवन में भरता है उमंगों को, क्या यह संवाद पढ़ा लिखा शारीरिक था या यह तुमसे घुलमिल गया मानसिक तनाव की स्थिति में मौलिक रूप से, जैसे : छल छल करता, बहता निर्झर। **- अनुभूति अनु**

जियो और जीने

जियो और जीने दो वाला फ़ंडा यदि लोग समझ जाते तो शायद जिंदगी में इतने बवाल न होते,,लोग अपनी टांगों का स्तेमाल स्वयं के लक्ष्य को हासिल करने में कभी नही बढ़ाते जितना दुसरो की जिंदगी में अड़ाते है,,, शायद दूसरों को परेशान करने की खुशी में वो ये भूल जाते है कि वे खुद अपने लक्ष्य से भटक रहे है और स्वयं बर्बाद हो रहे है। **- निशा रावल**

खास पाती

मुझे आदत है कहानियों

मुझे आदत है कहानियों की। कहानी सुनने की , सुनाने की , कहानी बन जाने की। हर बात में एक कहानी होती है। हर बन्दे कि कहानियां होती हैं कई सी सुलझी तो कुछ उलझी . हर एक कहानी का अंत निश्चित है। चाहे वो अधूरा ही क्यों न हो। और उस अंत से भी जन्म ले लेती है कई सी कहानियां। है ना? मैं कई सी कहानिया कहती हूँ। कई सी अधूरी छोड़ देती हूँ। कई सी कहानियों के अंत बदल देती हूँ। और कई सी कहानियां मिटा भी देती हूँ। कई भूल जाती हूँ। कई बार कहानियों से डरती भी हूँ। फिर भी उन्हें सुनती हूँ कहती हूँ। क्योंकि कहानी सुने बिना मुझे आज भी नींद नहीं आती। यूँही आदते जो बदलती नही। जग जाया करती हैं अक्सर झिलमिलाती रोती मोमबत्तियों सँग पता है न अब तुम भी एक कहानी हो जिसे मैं शिद्दत से भूलना चाहती हूँ। **- सुरेखा अग्रवाल**

कुछ पल हम पर उधर होते

कुछ पल हम पर उधर होते है किसी अमानत की तरह , जब भी मौका मिले इन्हे चुका देना चाहिए, बस चुकाने का तरीका अपना होना चाहिए कड़वाहट के बदले प्यार, आसूं के बदले हँसी, उदासी के बदले खुशी, निराशा के बदले आशा, दुख के बदले सुख ,नफ़रत के बदले प्यार, प्यार न मिल पाने पर भी प्यार ताकि हम कुछ उधार लेकर इस दुनियां से न जाएं। **- आकांक्षा द्विवेदी**

हर इक शाम को कोई चराग

हर इक शाम को कोई चराग जल जाए। अंधेरा जिसके सहारे सहर में ढल जाए। मंदिरों मस्जिदों में आग लगाने वाले। तभी समझेगा तू जब तेरा घर भी जल जाए। **- मनोज कुमार मून**

कैसे शुक्रियां करू तेरा ये

कैसे शुक्रियां करू तेरा ये जिंदगी खुशीयो से नवाजा है तूने, हर पल सवारा है तूने। जुल्म की आंधियां गम, सितम आये मगर। कितनी सावधानी से, निकाला है तूने। अब तो मेरे बाग में सुकून, की बयार बहती है। महकते फूल और मीठे , फलोंसे नवाजा है तूने। कदम दर कदम बढती जाती हूँ, मंजिल की ओर। उस सफर में भी , सुकून दिलाया है तूने। चाँद तारे मेरी मंजिल ही नही, अपने आप से मिलने का हुनर सिखाया है तूने। ये जिंदगी हर पल , जीना सिखाया है तूने। **- हेमा पाण्डेय**

धर्म अर्थ और काम मोक्ष के

धर्म अर्थ और काम मोक्ष के हैं सिद्धांत सनातन। इससे प्रथक नहीं होता कुछ इनमें सिमटा जीवन। इस दर्शन में सब जीते पर कुछ की सोच प्रथक है, किंकर्तव्य विमूढ़ लोग कुछ बनते हैं अधुनातन। **- हरिवल्लभ शर्मा 'हरि**

जब कोई शख्स याद आता है तो अकेला नहीं आता याद आता है उसके रोने

जब कोई शख्स याद आता है तो अकेला नहीं आता याद आता है उसके रोने हंसने का अंदाज उसकी मुस्कान की बनावट उसके आंसुओ की तपिश उसके रोने से भारी उसकी आवाज उसका बेसाख्ता हंस देना। याद आती है उसकी नेकनामियां उसकी कहानियां। उसने जो किए वो इंतजार हमने जो किए वो एतबार। फिर याद आती है बेवफाइयां जैसे रोटी का कौर चबाते चबाते आ जाता है मुंह में कंकर। और निवाला मुंह से निकल आता है। खैर हिदायत ये है की दाल चढ़ाने से पहले अच्छी तरह बीन लिया करो मसाले कितने भी डाले जाए मगर कंकर आंच पर गलते नही। **- कुलदीप वर्मा**

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1801- भारत में पहले आयुध निर्माण कारखाने की स्थापना हुई। 1910- सवतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले ने मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्रवधान के लिए ब्रिटिश विधान परिषद के समक्ष प्रस्ताव रखा। 1920- यूनान (ग्रीस) ने ग्रेगोरीयन कैलेंडर का उपयोग करना आरंभ किया। 1922- महात्मा गांधी को अदालत ने सविनय अवज्ञा आंदोलन के बाद राजद्रोह मामले में छह वर्ष की सजा सुनायी। 1938- बॉलीवुड अभिनेता शशि कपूर का जन्म। 1940- इटली के तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी ने इंग्लैंड और फ्रांस के खिलाफ जर्मनी का साथ दिया। 1944- नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज बर्मा की सीमा पार कर भारत में घुसी। 1965- सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लियोनोव ने पहली बार अंतरिक्ष में चहलकदमी की। 1966- इंडोनेशिया में जनरल सुहार्तो ने सरकार बनायी। 1971- पेरू में भूस्खलन से 200 लोगों की मौत। 1972- नयी दिल्ली में पहले विश्व पुस्तक मेले का उद्घाटन हुआ।

QUIZ TIME

1) केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहाँ पर भारत के पहले एल्यूमिनियम माल ढुलाई रैक का उद्घाटन किया है?
2) 2025 कबड्डी विश्व कप कहाँ होगा?
3) भारतीय सेना ने अग्निवीरों को नामांकन कराने पर बैकिंग सुविधाएँ प्रदान करने के लिए कितने बैंकों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?
4) किस देश के डलास में एयरशो के दौरान द्वितीय विश्व युद्ध के समय के दो विमानों के टकराने से छह लोगों की मौत हो गई है?
5) किस राज्य में अमूर फाल्कन फेस्टिवल आयोजित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) भुवनेश्वर (2) वेस्ट मिडलैंड्स (3) 11 (4) अमेरिका (5) नागालैंड

प्रेरक प्रसंग - अनमोल उपहार

भगवान ने मनुष्य को खुशियों का खजाना दिया परन्तु अफ़सोस की बात है की मनुष्यों ने इस अनुपक खजाने का मोल समझ नहीं पाया और हमेसा दुरूपयोग किया।

इससे भगवान को अत्यंत दुःख हुआ और उन्होंने देवताओं की एक सभा बुलाई और सभी देवताओं से चर्चा किया की मनुष्यों को इस अनमोल उपहार का ज्ञान किस तरह कराया जाये।

चर्चा चली फिर एक देवता ने कहा, यह तो बिल्कुल सरल है भगवन, आप ने ही मनुष्यों को को यह अनुपम उपहार दिया है। सो मनुष्यों को इसकी कद्र नहीं है तो आप इसे वापस ले लीजिये। भगवन बोले, नहीं कभी नहीं उपहार मनुष्यों को दिया जा चूका है और दिए हुए उपहार को वापस लेना सोभा नहीं देता। दूसरे देवता बोले, भगवन हम इस उपहार को किसी ऐसी जगह छुपा देते हैं जिससे मनुष्य इसे आसानी से ढूंढ ना सके। अन्य देवतागण बोले, परन्तु वह जगह कौन सा होगा जहाँ उपहार को छुपाया जाये। कोई देवता बोले इसे समुद्र की गहराई में छुपा देते हैं। भगवन बोले ङ्क मनुष्य समुद्र की गहराई में भी गोता लगाकर इसे प्राप्त कर कर लेगा।

अन्य देवतागण बोले ङ्क तो चलिए इसे समुद्र के बीचो बीच दबा देते हैं। भगवन बोले, मनुष्य ऐसे-ऐसे मशीनों का अविष्कार कर लेगा, जो जमींन की गहराइयों को भी खोद कर यह उपहार प्राप्त कर लेगा।

इस तरह चर्चा चलती रही, परन्तु कोई सुझाव ही पसंद नहीं आ रहा था। भगवान एक-एक करके सारे सुझाव को नकारते ही जा रहे थे। बहुत सोंच विचार के बाद अंत में स्वयं भगवन को एक सुझाव आया। भगवन बोले - इस उपहार को मनुष्य के भीतर ही छुपा दिया जाये, मनुष्य अपने बाहार, आस-पास हमेसा खुशियां और प्रसन्ता ढूंढता रहेगा परन्तु खुशियों का उपहार उसके भीतर ही होगा।

केवल वही व्यक्ति इस अनमोल उपहार को पा सकेगा, जो इस दुनिया को छोड़ अपने भीतर झांक पायेगा।

दोस्तों प्रसंग का तात्पर्य यह है की हम खुशियों को अपने आस-पास ढूंढते रहते है परन्तु खुशियों का अनमोल खजाना तो हमेसा हमारे भीतर ही विद्यमान रहता है।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -006

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोंचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए, ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 005 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा		म	हा	र	त
क		ह					ज	न
	जा	न	की		क	म	नी	य
		त	म	क	ना			
म			त	ह	त		दा	ब
सी	मा			ला		स	न	द
हा	थ	म	ल	ना		वा		च
		द			घा	ल	मे	ल
	ब	द	ह	वा	स			न

न्यूज गैलरी

समस्याओं के समाधान के लिए चेंबर का हेल्प लाइन डेस्क

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर, व्यापारिक संगठन एवं व्यापारीगण के हितों के लिये, चेम्बर मित्र एवं हेल्प लाइन डेस्क समिति का गठन किया गया है जो कि समय- समय पर व्यापार एवं उद्योग से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव देंगे। चेम्बर मित्र एवं हेल्प लाइन डेस्क समिति में निम्नलिखित चेम्बर पदाधिकारी शामिल हैः- हीरानंद माखीजा, चेम्बर उपाध्यक्ष, मो. 99932-41000, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, चेम्बर उपाध्यक्ष, मो. 94079-95800, मनोज कुमार जैन, चेम्बर उपाध्यक्ष, मो. 75872-02030, नीलेश मूंधड़ा, चेम्बर मंत्री, मो. 90390-03000, चेम्बर कार्यालय - मो. 93403-89971. चेम्बर पदाधिकारियों ने उपरोक्त चेम्बर मित्र एवं हेल्प लाइन डेस्क समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए यह उम्मीद की है कि सभी सदस्य प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर को एक नयी ऊचांईयों पर लेकर जायेंगे।

कांग्रेस राज में खिलाड़ियों की उपेक्षा : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की कांग्रेस सरकार में खिलाड़ियों को घोर उपेक्षा हो रही है।साल 2020 से अब तक राज्य के किसी खिलाड़ी को न उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित नही किया गया है और न ही किसी खिलाड़ी को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। यह जानकारी वरिष्ठ भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल के सवाल पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत की गई है। बृजमोहन अग्रवाल ने खेल विभाग और खिलाड़ियों के हितों से जुड़े कई प्रश्न आज विधानसभा में उठाए। जवाब में बताया गया कि वर्ष 2020 से अब तक नहीं राज्य अलंकरण समारोह नही हुआ है और न ही खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया है। इस दौरान खिलाड़ियों को खेलवृत्ति भी तक नही दी गई है और न ही नगद राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया है। इस विषय पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यहा खिलाड़ियों की हालत बेहद चिंतनीय है। सुविधाओं का अभाव है तो है ही उनके भविष्य को लेकर भी भूपेश सरकार उदासीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान खिलाड़ियों को करोड़ों का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाता था। खिलाड़ियों को सम्मानित करके उनका हौसला बढ़ाने का कार्य तो हम करते ही थे उन्हें योग्यता अनुसार शासन के विभिन्न पदों की जिम्मेदारी भी दी जाती थी। परंतु इस भूपेश सरकार में खेल और खिलाड़ियों को लेकर कोई नीति ही नही है। अच्छे खिलाड़ी आज अपमानित हो रहे हैं। उनके सम्मान को ठेस पहुंचाया जा रहा है।

शिविर में विभिन्न प्रकरणों के 226 में से 98 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर आज अभनपुर तहसील के आमजनों से राजस्व संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए सुबह 10 बजे से राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में राजस्व प्रकरणों- नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, किसान किताब, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र , निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य राजस्व से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया गया। आयोजित शिविर में कई हितग्राहियों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ साथ अपर कलेक्टर बी.बी.पंचभाई,अनुविभागीय अधिकारी(रा.) निर्भय साहू, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। आज आयोजित शिविर में विभिन्न प्रकरणों के कुल 226 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 98 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया और 128 आवेदन प्रक्रियाधीन है। शिविर में आज नामांतरण प्रकरण के 29 प्राप्त आवेदनों में 04 निराकृत किए गए और 25 प्रक्रियाधीन है।इसी तरह खाता विभाजन के 04 में से 01, किसान किताब के पूरे 29 प्रकरण, जाति,निवास और आय प्रमाण पत्र के पूरे 56 और मृत्यु प्रमाण पत्र के 01,नक्शा बटाकंन तथा अभिलेख दुरुस्ती के 25 में से 02,सीमांकन के 11 में से 03 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया।बंदोबस्त त्रुटि सुधार के 03 आवेदन प्राप्त हुए।इसी तरह विविध के 68 आवेदनों में से 02 का निराकरण मौके पर किया गया।

फूलों की खेती से महका महिलाओं का जीवन

रायपुर/नवप्रदेश। परम्परागत् खेती की जगह आधुनिक खेती फायदे का सौदा साबित हो रही हैं। इससे कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत तुड़गे के गौठान में काम कर रही महिलाओं की जिन्दगी भी अब महकने लगी है। शीतला स्व-सहायता समूह की इन महिलाओं ने तुड़गे के गौठान की महज 04 डिसमिल भूमि में कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहयोग से पहली बार गेंदा फूल के टेनिस बॉल किस्म की खेती शुरू की है। पहली बार में ही महिलाओं को अच्छा मुनाफा हो रहा है। समूह की महिलाएं औसतन 100 रुपए प्रति किलो की दर से गेंदा फूल की बिक्री कर रही हैं। उन्होंने अब तक 150 किलोग्राम फूल बेच कर 15 हजार रुपए कमाए हैं। महिलाओं ने बताया कि करीब 300 किलोग्राम से अधिक फूलों का उत्पादन होने की संभावना है, जिससे समूह को अच्छी आमदनी मिलेगी। इस सफलता से इन महिलाओं के चेहरे की खुशी दोगुनी हो गई है। महिला समूह की सक्रिय सदस्य सुलोचना रावटे, शांति नेताम, मालती नरेटी, मंगतीन नेताम, बृजबत्ती, गिरजा बाई और विमला ने बताया कि गौठान में वर्मी खाद उत्पादन के अलावा पहली बार ट्रायल के रूप में गेंदा फूल की खेती की जा रही है।

खेती के लिए टेनिस बॉल नाम के गेंदा फूल की हाइब्रिड वैरायटी के बीज को मंगवाया गया है। इसके लिए पहले नर्सरी तैयार की गई तथा रोपाई के बाद फूलों की हार्वेस्टिंग की गई। उन्होंने बताया कि फूलों की खेती में खास बात यह है कि इससे कम पानी, कम लागत और कम मेहनत में अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। गेंदा फूल की मांग भी वर्षभर बनी रहती है। उन्होंने अपने नए रोजगार एवं हो रही आमदनी के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बिहान योजना से महिलाएं हुई आर्थिक रूप से सशक्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वनांचल एवं सुदूर क्षेत्रों में स्थित गांवों में निवासरत महिलाएं अब आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने आयमूलक गतिविधियां करना शुरू किया है, जिससे उनके जीवन में नया सबेरा आया है। वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। कोंडागांव जिला में एनआरएलएम से प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्राप्त कर फरसगांव विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मोहलई की जय मां बमलेश्वरी स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सब्जी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। समूह की फूलन बाई पांडे बताती हैं कि समूह के द्वारा लगभग ढाई एकड़ कृषि भूमि पर करेला एवं मिर्ची की खेती की जा रही है। इसके लिए समूह को योजनांतर्गत बैंक लिंकेज के माध्यम से 2 लाख रुपए का ऋण निम्न ब्याज दर पर प्राप्त हुआ था, जिसे खेती में लगाकर आजीविका संवर्धन किया जा रहा है। अब तक उनके द्वारा सब्जी बेचकर लगभग 70 हजार रुपए तक का शुद्ध आय प्राप्त हो चुका है।

विकास की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़ : सीएम बघेल

- जनहित में लागू नवाचार योजनाओं का दिख रहा सकारात्मक परिणाम
- मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अपने विभागों की अनुदान मांगों पर दिया जवाब



रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में अपने विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में मजबूती के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ में ऋण भार बजट का 17.9 प्रतिशत है, अन्य प्रदेश की तुलना में छत्तीसगढ़ की स्थिति बेहतर है। आम जनता की सुविधा हेतु नए जिले, तहसीलें और अनुविभाग बनाए गए। भेंट-मुलाकात में आम जनता से सीधा संवाद करने से बहुत सारी समस्याओं का त्वरित निवारण हो रहा है। हमारी सरकार ने कई नवाचार किए हैं, इसके लिए नवाचार आयोग बना रहे हैं। इसके तहत छत्तीसगढ़ में लोगों के विकास के लिए नई-नई योजनाओं तथा कार्यक्रमों का बेहतर ढंग से संचालन हो रहा है। प्रधानमंत्री जी भी छत्तीसगढ़ के नवाचारों की चर्चा करते हैं। नीति आयोग की बैठक में और व्यक्तिगत मुलाकातों में भी इसकी जरूर चर्चा होती है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राज्य में दिनों-दिन अंडरग्राउंड वॉटर नीचे जा रहा था, इसे रोकने के लिए नरवा कार्यक्रम हमने शुरू किया। जिसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगा है। नवीन पेंशन योजना की जगह पर पुरानी पेंशन योजना लागू की गई है, इसके लिए प्रावधान किया गया है। इससे राज्य में कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित हुआ है। राज्य में 1 नवम्बर 2004 से लागू की गई नवीन अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर 1 अप्रैल 2022 से समस्त शासकीय सेवकों हेतु पुरानी पेंशन योजना बहाल की गई। इसके फलस्वरूप भविष्य में पेंशनरी दायित्वों के भुगतान हेतु गठित पेंशन निधि में निवेश के लिए 250 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत 11 हजार 256 करोड़ रूपए का अनुदान दिया गया है। प्रदेश में हाफ बिजली बिल योजना के तहत मार्च 2019 से दिसम्बर 2022 तक लगभग 42.20 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को 3453.17 करोड़ रूपए की तथा ग्रामीण औद्योगिक पार्क एवं 334 गौठानों के कनेक्शन को रियायत प्रदान की जा चुकी है। राज्य में 20 हजार 550 पंपों का विद्युतीकरण मार्च 2023 तक पूर्ण करने की योजना है। छत्तीसगढ़ में बिजली की कमी नहीं है, जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्रीपेड मीटर के क्षेत्र में भी हम आगे बढ़ रहे हैं। राज्य में बिजली की लगातार डिमांड बढ़ रही है, इसे ध्यान में रखकर नए उपकेंद्र खोलने की कार्य योजना बनाई जा रही है। राज्य शासन द्वारा 1320 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना की स्थापना के संबंध में निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पत्रकार भयमुक्त वातावरण में स्वंत्रत होकर कार्य कर सके, इस दिशा में भी हम प्रभावी तरीके से उपाय सुनिश्चित कर रहे हैं। पत्रकार साथियों के लिए अधिमान्यता नियमों का सरलीकरण किया गया है।

प्रधानमंत्री वैश्विक आर्थिक विकास के लिए शांति के पक्षधरः विश्वभूषण

- मैट्स विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सेमीनार का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज मैटस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ रिसर्च कान्क्लेव 2023 में मुख्य अतिथि के रूप में अपना उद्बोधन दिया। इस सम्मेलन का विषय ''वैश्विक वितीय एवं आर्थिक परिवर्तनः विकास पर प्रभाव'' था। राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विचार है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए विश्व मे शांति स्थापित होना पहली प्राथमिकता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने वर्तमान में रूस और यूक्रेन के बीच चल रहें युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति का मार्ग अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि युद्ध केवल विनाश की ओर ले जाता है। यह मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है। युद्ध के कारण अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे न केवल विश्व की वित्तीय व्यवस्था बल्कि सामाजिक व्यवस्था भी कमजोर हो जाती है। इसका प्रभाव लोगों के ऊपर पड़ता है और आम जनता को आर्थिक बदहाली से गुजरना पड़ता है। इसलिए युद्ध और नरसंहार की कीमत पर किसी भी समस्या का हल नहीं निकल सकता है। इसे बातचीत के जरिए ही सुलझाने का रास्ता निकाला जाना चाहिए। विश्व ने दो महायुद्ध और उसके दुष्परिणाम देखे हैं। इनसे दुनिया को सबक लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका, चीन, जापान, और जर्मनी के बाद विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत को पांच ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने का जो सपना देखा था वह अब वास्तविक स्वरूप ले रहा है। भारत के लाखों वंचित वर्गो को बैंकिंग तंत्र से जोड़ा गया है और करोड़ों युवाओं को 20 लाख करोड़ से अधिक का मुद्रा ऋण बिना बैंक गारंटी स्वीकृत किया गया है। स्थानीय कुटीर उद्योग एवं उत्पादों को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री की योजना से हजारों युवाओं को रोजगार मिला है।

इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने स्मारिका का विमोचन किया। मैट्स विश्वविद्यालय की ओर से राज्यपाल को पुस्तक, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार मे विभिन्न राज्यों के शोधकर्ताओं एवं शिक्षाविदों ने इस विषय पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि लुभा मुखर्जी ,मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति के.पी.यादव, शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

गौमूत्र से बने जैविक कीटनाशक की बढ़ रही है लगातार डिमांड

- गोधन न्याय योजना बना आर्थिक सशक्तिकरण का माडल, मिल रहा दोहरा लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। गोधन न्याय योजना आर्थिक स्वालंबन का मॉडल बनकर उभरा है। ग्रामीणों, स्वसहायता समूहों, पशुपालकों एवं विशेषकर महिलाओं को रोजगार देने के साथ ही यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। इस योजना के तहत खरीदी की जा रही गोबर और गोमूत्र से बन रहे वर्मीकम्पोष्ट एवं जैव कीटनाशक से किसान जैविक खेती की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। गौठानों के माध्यम से फरवरी माह तक 107.75 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की जा चुकी है। जिसके एवज में 215.50 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। वहीं अब गौठानों में गोमूत्र की खरीदी से स्व-सहायता समूहों की आमदनी में भी इजाफा हुआ है। कवर्धा जिले के ग्राम बिरकोना और बीरेंद्रनगर गौठान में स्व-सहायता समूह की महिलाएं गोमूत्र की खरीदी कर ब्रम्हास्त्र जैव कीटनाशक का निर्माण कर रही है।

न साय का बाल कटेगा न भगत की मूंछ 2023 में पुनः बनेगी कांग्रेस की सरकार : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नंदकुमार साय और अमरजीत भगत दोनों आदिवासी समाज के सम्मानित नेता है। आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। कांग्रेस पार्टी आदिवासी समाज का बड़ा सम्मान करती है। प्रदेश की जनता 2023 के विधानसभा चुनाव में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाकर नंदकुमार साय के सिर के बाल और अमरजीत भगत की मूंछ को कटने से बचाएगी। प्रदेश की जनता कांग्रेस की सरकार बनने के बाद खुशहाल हुई है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा आवश्यकता अनुसार भोले भाले नंदकुमार साय का उपयोग अपनी राजनीतिक लोलुपता को पूरा करने के लिए करती है। 15 साल सत्ता रहने के दौरान नंदकुमार साय के साथ भाजपा ने दोयम दर्जे का व्यवहार किया था। आज जब सत्ता चली गई तब भाजपा एक बार और नंद कुमार साय को आगे कर आदिवासियों के वोट को बटोरना चाहती है। भाजपा को चाहिए कि 15 साल तक जो मुख्यमंत्री थे एवं उनके सहयोगी रहे जो सत्ता की मलाई चाटे, कमिशनखोरी किये, भ्रष्टाचार किये उन्हें दाव पर लगाये। पूरा प्रदेश में देखा है किस प्रकार से विश्व आदिवासी दिवस के दिन भाजपा ने आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष को बदलकर आदिवासी समाज का अपमान किया था। आदिवासी नेता ननकीराम कंवर की अध्यक्षता में गठित 32 प्रतिशत आरक्षण के लिये कमेटी की सिफारिश को रमन सरकार ने खारिज किया था। आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करने के लिए रमन सरकार ने भू संशोधन विधेयक लाया था जिसे कांग्रेस ने विरोध किया था। भाजपा हमेशा आदिवासियों के विरोध में ही काम करती है। आदिवासी नेताओं को अपमानित करने का काम करती है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद आदिवासियों को उनके कानूनी अधिकार मिले हैं।

कलिंगा विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल उत्सव संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। बहुप्रतीक्षित 7वें वार्षिक खेल उत्सव 2023 का उद्घाटन कलिंगा विश्वविद्यालय के खेल परिसर में प्राध्यापकों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ। तीन दिनों तक चले स्पोर्ट्स फेस्ट कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का छात्रों ने लुत्फ उठाया। कोविड-19 महामारी के बाद छात्रों के लिए यह स्पोर्ट्स का पहला आयोजन था। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. आशा अंभाईकर व टीम द्वारा किया गया।

एनसीसी कैडेट्स और छात्रों ने परेड निकाली और मुख्य अतिथि ने छात्रों के लिए कार्यक्रम को खुला घोषित किया। रंग-बिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़े गए और मशाल जलाई गई। कार्यक्रम के पहले और दूसरे दिन आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साही छात्रों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र के दौरान कुलपति डॉ आर श्रीधर, महानिदेशक डॉ बायजू जॉन, रजिस्ट्रार डॉ संजीव गांधी, शैक्षणिक मामलों के डीन डॉ राहुल मिश्रा, डायरेक्टर आईक्यूएसी डॉ विजयलक्ष्मी, खेल अधिकारी डॉ. संजीव कुमार यादव, जास्मीन जोशी सभी विभागों के डीन और प्रमुख संकाय सदस्यों के साथ उपस्थित थे।

100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, शॉट पुट, हैमर थ्रो, रिले रेस, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो, 800 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, थ्री लेग रेस और लॉन्ग जम्प इवेंट की एथलेटिक्स स्पर्धाएं लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग आयोजित की गई। कार्यक्रम के समापन के तुरंत बाद विशिष्ट अतिथि द्वारा पदक और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

पीएम ग्राम सड़क योजना के कार्यों का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों का राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों द्वारा राज्य के जिलों का भ्रमण कर गुणवत्ता परीक्षण हेतु निरीक्षण किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें प्रदीप कुमार सक्सेना द्वारा कोण्डागांव एवं बस्तर जिले का निरीक्षण किया जाएगा। प्रदीप कुमार सक्सेना का मोबाइल नंबर +91-70176-35666 है।

छत्तीसगढ़ में विकास ग्रुप का प्रवेश

रायपुर/नवप्रदेश। ओडिशा के साथ-साथ भारत के पूर्वी हिस्से के प्रसिद्ध शैक्षिक संस्थान विकास ने अपने बैनर तले रायपुर में रूंगटा इंटरनेशनल स्कूल और जगदलपुर में आदेश्वर अकादमी के साथ छत्तीसगढ़ में अपना प्रवेश किया है।ओडिशा का विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस पिछले दो दशकों से ओडिशा और उसके आस-पास के राज्यों में गुणात्मक सीबीएसई च-12 शिक्षा प्रदान कर रहा है, जिसमें राज्य भर के 15000 से अधिक छात्र हैं, जिसमें अभिनव शैक्षणिक विचार और बोर्ड द्वारा नवीनतम शैक्षिक पहल का समावेश किया गया है। छत्तीसगढ़ के छात्र पिछले दो दशकों से विकास को तरजीह दे रहे हैं और माता-पिता की लंबे समय से छत्तीसगढ़ में विकास के स्कूल शुरू करने की मांग चल रही थी।गौरतलब है कि रूंगटा इंटरनेशनल स्कूल और आदेश्वर अकादमी दोनों सीबीएसई, नई दिल्ली से सीनियर सेकेंडरी लेवल 12 तक संबद्ध हैं। इसके अलावा, रूंगटा इंटरनेशनल स्कूल , विश्व के सर्वश्रेष्ठ बोर्ड आईबी पाठ्यक्रम , से संबद्धता प्राप्त करने वाला छत्तीसगढ़ का एकमात्र स्कूल है।

राहत | मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सार्थक पहल से छत्तीसगढ़ के नागरिकों के जेब को मिल रही बड़ी राहत

गुणवत्तापूर्ण सस्ती दवाओं से बचत का आंकड़ा 100 करोड़ से पार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर सभी आयु वर्ग के लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से संचालित श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना से अब तक मरीजों को 100 करोड़ रूपए से अधिक की बचत हो चुकी है, जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों के जेब को बड़ी राहत मिली है। राज्य के सभी नगरीय निकायों में संचालित इस योजना के अंतर्गत प्रख्यात कंपनियों की जेनेरिक दवाएं 50 से 70 प्रतिशत कम दाम पर उपलब्ध कराई जाती है। धन्वंतरी दवा दुकानों में सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर, इन्सुलिन के साथ गंभीर बीमारियों की दवा, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आईटम भी रियायती मूल्य पर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना 20 अक्टूबर 2021 से शुरू की गई है। योजना के तहत राज्य के समस्त 169 नगरीय निकायों में 194 श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर खोले गये हैं। शासकीय चिकित्सकों को अस्पताल में इलाज हेतु आने वाले मरीजों को जेनेरिक दवाई लिखना अनिवार्य किया गया है। योजना से अब तक 165.59 करोड़ रूपए एम.आर.पी. की दवाईयों के विक्रय पर 106 करोड़ 53 लाख रूपए की छूट जरूरतमंद लोगों को दी गई है। गौरतलब है कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकाय में संचालित धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल की दुकानों से 50 लाख 80 हजार से अधिक नागरिकों ने सस्ती दवायें खरीदी है। जिससे लोगों को काफी राहत मिली है और कम मूल्य पर दवा उपलब्ध होने से बचत हो रही है। श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोरों में दवाओं की उपलब्धता एवं संचालन व्यवस्था की निगरानी नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया करते रहते है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थायें लगातार करते रहने के निर्देश दिए है।

नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर जिले में 20, गरियाबंद में चार, बलौदाबाजार-भाटापारा में सात, धमतरी में सात, महासमुंद में छह, दुर्ग में 19, बालोद में आठ, बेमेतरा में आठ, राजनांदगांव में पांच, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में तीन, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ में एक, कबीरधाम में छह, बिलासपुर में 10 तथा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में दो, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे है।

न्यूज गैलरी

साक्षी प्रेमचंदानी ने पास की गेट की परीक्षा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बचेली के प्रेमचंदानी परिवार की साक्षी ने गेट 2023 की परीक्षा में समूचे भारत में 1594 नंबर पर आकर जिले सहित छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया है। बता दे की इस परीक्षा में भारत वर्ष से तकरीबन 6 लाख से अधिक लोगो ने भाग लिया था। साक्षी वर्तमान में बी.आई.टी दुर्ग से कंप्यूटर साइंस एवं इंफारमेशन टेक्नोलोजी में अध्ययन कर रही है। साक्षी ने इस सफ्लता का श्रेय अपने परिवार एवं विशेषकर अपनी माता मुस्कान प्रेमचंदानी को दिया है। बता दे की साक्षी बचेली के प्रसिद्ध व्यवसायिक संस्थान भारती ब्यूटी के संचालक स्व.अजय प्रेमचंदानी की पुत्री है। इस सफलता से प्रेमचंदानी परिवार को लगातार जिलेवासियों द्वारा शुभकामनाएं दी जा रही है एवं साथ ही साक्षी को उज्वल भविष्य की बधाईयां भी दी जा रही है।

शिक्षकों को यातायात व सायबर सुरक्षा पर किया प्रशिक्षित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला दन्तेवाड़ा में पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थ तिवारी, के निर्देशन एवं आर.के. बर्मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कृष्ण कुमार चन्द्राकर, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात/सायबर सेल) के पर्यवेक्षण में दंतेवाड़ा द्वारा पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत जवांगा स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आज दिनांक 16.03.2023 को शिक्षकों को यातायात एवं सायबर सुरक्षा विषय में प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में गीदम विकास खंड के 250 शिक्षक उपस्थित रहे। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा तथा आनलाईन फ्राड से संबंधी अपराधों के प्रति शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। उपस्थित शिक्षकों को ऑन-लाईन होने वाली ठगी एवं उनसे बचने के उपायों के संबंध में विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान थाना प्रभारी गीदम सलीम खाखा द्वारा यातायात नियमों एवं यातायात तथा सड़क सुरक्षा संकेतकों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। शासन द्वारा घोषित प्रत्येक शनिवार को स्कूली छात्रों हेतु घोषित बैग लेस डे के दौरान ये प्रशिक्षित शिक्षक अपने स्कूलों में जाकर बच्चों को इन विषयों पर जानकारी देंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रतिबंधित सामग्री पर की कार्यवाही

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में राजस्व विभाग एवं नगर पालिका के संयुक्त दल द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध को कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से बुधवार को दंतेवाड़ा विकासखंड अंतर्गत कतियाररास में हाट बाजार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित सामग्री अमानक पॉलिथीन की कार्यवाही की गई जिसमे 5 किलो ग्राम पॉलीथीन जब्त किया गया और 3000 रुपए का अर्थदंड लगाकर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही छोटे, बड़े व्यापारियों से आमनागरिकों से भी सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया और कपड़े का थैला उपयोग करने की समझाईश दी गई। इस दौरान तहसीलदार यशोदा केतारप, नायब तहसीलदार पंकज बघेल, सीएमओ पवन मेरिया, अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन कांकेर अंतर्गत अंतागढ़ विकासखण्ड के सरपंच-सचिवों की एक दिवसीय कार्यशाला आईएसए एनजीओ प्रतिज्ञा विकास संस्थान के सहयोग से जनपद पंचायत अंतागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री नीलम उइके की उपस्थिति में जनपद पंचायत अंतागढ़ के सभागार में आयोजित किया गया। उपखण्ड अंतागढ़ के सहायक अभियंता व्ही.के संघोरिया एवं जिला नोडल अधिकारी नवीन कुमार साहू के द्वारा सरपंचों सचिवों को जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों एवं जल जीवन मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका को बताया गया। मास्टर ट्रेनर एवं जिला समन्वयक अजहर कुरैशी द्वारा ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका, जल बहिनियों के कार्य, पंप ऑपरेटर की भूमिका, जल कर, योजना के रख रखाव, जल संचयन के संबंध में जानकारी दिया गया। जिला समन्वयक सुश्री ज्योति शांडिल्य और टीम लीडर ऋषि सेन द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण तथा प्रतिज्ञा विकास संस्थान द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तरीय हितग्राहियों की भूमिका की जानकारी दी। इस अवसर पर जल जीवन मिशन में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हे सम्मानित भी किया गया। उप अभियंता भानुप्रतापपुर गिरेंद्र कुमार साहू के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में उप अभियंता कोयलीबेड़ा कपिल नेताम डिस्ट्रिक्ट एसोसिएट शिवा रेड्डी जल जीवन मिशन जिला समन्वयक निशा वामन कुमार सिंह तोप्पा छत्पाल साहू, प्रतिज्ञा विकास संस्थान दुर्ग एनजीओ के आईएसए तथा प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

कमिश्नर ने अन्तागढ़ एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के कमिश्नर श्याम धावड़े कांकेर जिले के अंतागढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा राजस्व प्रकरणों का निराकरण, आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरणों में स्वीकृति इत्यादि से संबंधित फाईलों का अवलोकन किया एवं अधिकारियों से जानकारी लिया। उन्होंने तहसील एवं एसडीएम कार्यालय में शासकीय कार्य से पहुंचे ग्रामीणों से राजस्व विभाग की सेवाओं और शासकीय योजनाओं का क्षेत्र में क्रियान्वयन के सम्बंध में भी जानकारी लिया। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर माधुरी सोम एसडीएम के.एस पैकरा, तहसीलदार आर बंजारे वरिष्ठ निज सहायक हरेंद्र जोशी भी उपस्थित थे।

बस्तर में शांति के लिए लोगों से चर्चा

बस्तर संभाग का पहला बैठक बीजापुर के आवापल्ली में हुई

बस्तर में माओवादी आंदोलन सिर्फ वनवासियों का ही आंदोलन है

जैसा नेपाल में धर्म निरपेक्ष लोकतंत्र के लिए बातचीत हुई वैसे ही यहाँ आदिवासी अधिकार के लिए बातचीत होनी चाहिए। माओवादियों ने संयुक्त मोर्चा की ओर ध्यान बढ़ाकर इस दिशा में एक कदम बढ़ाया है इसलिए पिछले कुछ सालों में हिंसा भी कम हुई है इस प्रगति को सही अंजाम की ओर ले जाने के लिए थोड़ा और प्रयास करने की ज़रूरत है ऐसा लगता है।

नई शांति प्रक्रिया से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता हरि सिंह सिदार कहते हैं

अगले दो हफ़्तों में यह बैठकें बस्तर के हिंसा प्रभावित और ज़िलों में भी आयोजित की जाएगी। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुनना है। हम स्थानीय लोगों से यह सुनना चाहते हैं कि उनके दुखों को कैसे कम किया जा सकता है और बाहर के लोग उनकी कैसे मदद कर सकते हैं। इन सब विचारों को इकट्ठा कर हम रायपुर और दिल्ली में सरकारों से साझा करना चाहते हैं।

बीजापुर/नवप्रदेश। सामाजिक संगठन ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि स्थानीय गोंडी भाषा के शब्द चैकले मांदी का अर्थ है सुख शांति के लिए बैठक। इन बैठकों में नई शांति प्रक्रिया से जुड़े लोग स्थानीय लोगों से उनके सुख दुःख के बारे में चर्चा कर रहे हैं। वे शांति के गीत गाते हैं, नाटक कर रहे हैं और उनको यह भी बता रहे हैं कि दुनिया के और हिस्सों में जहां माओवादी समस्या रही है उनका समाधान कैसे हुआ।वे यह बता रहे हैं कि बस्तर में 40 से अधिक सालों से चल रही माओवादी समस्या का हल निकालने के लिए यह एक अभ्योतपूर्व समय है। माओवाद के दो सिद्धांत होते हैं पहला लम्बा जैन युद्ध जहां वे सत्ता से संघर्ष कर क्रांति के लिए लड़ाई लड़ते हैं पर जब लम्बा जन युद्ध कारगर होता नहीं दिखता तो वे संयुक्त मोर्चा की ओर भी झुकते हैं और समान विचारधारा वाले दलों के साथ संयुक्त मोर्चा बनाकर कुछ क़ानूनी माँगों के लिए राजनैतिक संघर्ष करते हैं ।

नेपाल में जब माओवादी पार्टी को यह समझ में आया कि जैसा माओ ने चीन में 40 के दशक में किया था यानी गाँवों से किसानों के साथ आकर शहर को घेर लेना और उस पर क़ब्ज़ा कर लेना, वैसा 21वीं सदी के नेपाल में सम्भव नहीं होगा तो उनका झुकाव संयुक्त मोर्चा की रणनीति की ओर बढ़ा था और उन्होंने एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र की माँग की थी।नेपाल एक हिंदू राष्ट्र था और वहाँ राजतंत्र था, शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए अधिकतर लोग गाँवों से माओवादियों ने भेजे और आंदोलन का नेतृत्व क़ानूनी संगठनों ने किया और आंदोलन के बाद हुई बातचीत के बाद नेपाल एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र बन गया और उस बातचीत के बाद माओवादियों ने अस्त्र भी छोड़ दिए

नई शांति प्रक्रिया के लोग यह बता रहे हैं कि लगभग दो वर्ष पूर्व से छत्तीसगढ़ के माओवादियों ने भी संयुक्त मोर्चा की रणनीति की ओर रुझान बढ़ता नज़र आ रहा है जहां वे जल जंगल और ज़मीन तथा आदिवासी अधिकार के लिए हो रहे आंदोलनों को पीछे से समर्थन कर रहे हैं या उनको तैयार भी कर रहे हैं। यह एक बहुत अच्छा परिवर्तन है इस रुझान को और मज़बूत किए जाने की ज़रूरत है

नई शांति प्रक्रिया के समन्वयक शुभ्रांशु चौधरी कहते हैं

सिलगेर आदि के बाद आदिवासी अधिकारों की माँग कर रहे जन आंदोलनों को समर्थन और खड़ा करके माओवादियों ने सही दिशा में एक कदम बढ़ाया है, सरकारों को भी इसे समझकर उनको भी बातचीत की दिशा में एक और कदम बढ़ाना चाहिए। जिससे दोनों तरफ़ से ही रही बेकार की हिंसा बंद हो और बस्तर की जनता चैन की साँस ले सके। उन्होंने आगे कहा ख़ासकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार जिन्होंने पिछले चुनाव के पहले अपने घोषणापत्र में यह वादा किया था कि अगर वे जीतेंगे तो इस समस्या के समाधान के लिए बातचीत के गम्भीर प्रयास किए जाएँगे, चुनाव के इस साल में उनको यह याद दिलाने का समय है कई देशों में बातचीत से माओवादी समस्या का समाधान हुआ है। अब इस अशांति को लेकर ऐसा लगता है कि यहाँ भी चुप्पी तोड़ने का समय है।

महिलाओं की शिकायत व सुरक्षा के लिए वुमेन सैफ्टी एप का गांव-गांव में प्रचार

ऐप में शिकायत मिलते ही तत्काल एक्शन लेगी पुलिस

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर श्रीमती रत्ना सिंह अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भानुप्रतापपुर प्रशांत पैकरा के निर्देशन में थाना पुलिस लोहत्तर द्वारा 16 मार्च को महिलाओं और बालिकाओं को अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर पॉम्पलेट वितरण* कर प्रचार- प्रसार किया गया।

बताया गया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक अभिव्यक्ति। ऐप छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गया है। इस अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप के माध्यम से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी।

इस ऐप का उद्देश्य मुसीबत में फंसी महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता (Chhattisgarh Police initiative for women safety) उपलब्ध कराना है.पीड़ित महिला कहीं से भी अभिव्यक्ति ऐप पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है.

वुमेन सैफ्टी ऐप के माध्यम से महिलाएं बलात्कार , छेड़छाड़ , घरेलू हिंसा, मारपीट,टोनही,दहेज प्रताड़ना, अपहरण , बाल विवाह , मानव तस्करी, एसिड अटैक,लैंगिक व साइबर अपराध की कर सकती हैं शिकायत की जा सकती है।

ऐसे काम करेगा ऐप

आपातकालीन परिस्थितियों में एसओएस मेसेज का उपयोग करें।एसओएस पर क्लिक करते ही ऐप में पहले से फीड किए गए निकट संबंधि 2 मोबाइल नंबर एवं डायल 112 को लोकेशन सहित मैसेज भेजेगा।निकट संबंधी एवं डायल 112 को खतरे में होने की सूचना मिलेगी,पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचेगी। ऐप में कंप्लेन ऑप्शन में जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। एसओएस ऑप्शन पर जाकर कंप्लेन की वर्तमान स्थिति जान सकते हैं। इस ऐप के इस्तमाल के लिए सबसे पहले महिला व बालिकाओं को अपने मोबाइल फ़ेन में प्ले स्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप डाउनलोड करना है,जिसमें उन्हें साइन इन करना है।अपना मोबाइल नंबर डालना है,ओटीपी आयेगा उसे ऐप में डालना है,केवायसी अपडेट करना है। ऐप में महिलाएं बलात्कार, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, मारपीट, टोनही प्रताड़ना, दहेज प्रताड़ना, अपहरण, मानव तस्करी, एसिड अटैक, अवयस्क के साथ लैंगिक उत्पीड़न, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न,साइबर अपराध व महिलाओं से संबंधित अन्य शिकायत रजिस्टर्ड कर महिलाएं कभी भी इस ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत अपलोड कर तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

उच्च न्यायालय एवं ऐतिहासिक स्थल रतनपुर का शैक्षणिक भ्रमण

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के स्नातकोत्तर स्तर राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र, हिन्दी एवं पीजीडीसीए के विद्यार्थियों ने प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.आर.मेहरा के मार्गदर्शन एवं प्रो.रवि देवांगन, प्रो.हितेश नंद ठाकुर, डॉ.अंबा शुक्ला, अंजनी पैकरा, सौरभ पाण्डे के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं धार्मिक केन्द्र रतनपुर एवं छ.ग. की न्यायिक राजधानी बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण कर अध्ययन किया । राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक आर.आर.मेहरा ने उच्च न्यायालय के संगठन एवं षक्तियों के बारे में जानकारी प्रदान की । उन्होंने बताया कि बिलासपुर स्थित उच्च न्यायालय 19 वें क्रम का उच्च न्यायालय है जिसकी स्थापना 1 नवंबर 2001 को हुई थी । इतिहास की प्राध्यापक हितेश नंद ठाकुर ने रतनपुर में स्थित ऐतिहासिक-धार्मिक स्थल के बारे में जानकारी प्रदान की । उन्होंने बताया कि कल्चुरी षासक रत्नदेव प्रथम ने 1050 ईस्वीं में रतनपुर की स्थापना कर यहां महामाया मंदिर का निर्माण कराया, कालांतर में यहां मराठा षासक बिम्बाजी भोंसले ने राजनीतिक नियंत्रण स्थापित कर 18 वीं षताब्दी में राम टेकरी मंदिर का निर्माण कराया था । डॉ.अंबा शुक्ला, अंजनी पैकरा के नेतृत्व में छात्रों ने रतनपुर के सामाजिक, सांस्कृतिक विषेशताओं का अध्ययन किया । कानन पेंडारी छात्रों के लिये कौतुहल का विशय रहा । प्रो.रवि देवांगन एंव सौरभ पाण्डे ने कानन पेंडारी में संरक्षित विभिन्न जीव-जंतुओं से परिचित कराया एवं उनके सरंक्षण के महत्व को बताया ।

भण्डारे के साथ शीतला माता मंदिर का मना वार्षिकोत्सव

दो दिन चला धार्मिक आयोजन

सबसे पहले कन्या का होता है मुण्डन संस्कार

शीतला माता मंदिर में मुण्डन संस्कार की अपनी प्राचीन परंपरा के बीच सबसे पहले परिवार की कन्या का ही मुण्डन संस्कार होता है। इस वर्ष भी बिलासपुर से परिवार के सदस्य विनोद प्रतिमा अग्रवाल के पुत्र व पुत्रवधु मिखिल श्रुति अग्रवाल की पुत्री अनाएशा का सबसे पहले मुण्डन संस्कार पूर्ण कराया गया। ऐसी मान्यता है कि कन्या को देवी स्वरूपा माना गया है और इसी कारण इस धार्मिक कार्य में सबसे पहले कन्या का ही मुण्डन कराये जाने की परंपरा है।

सूरजपुर/नवप्रदेश। नगर के मानेहरू महलवाला परिवार के द्वारा संचालित शीतला माता मंदिर महुआपारा का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव मुण्डन संस्कार, रात्रि जागरण व भण्डारे के साथ संपन्न हुआ। शीतला माता मंदिर के वार्षिकोत्सव के पहले पूजा के दिन ठंडा खाना खाने की परंपरा के बीच यह त्योहार बासोड़ा के रूप में मनाया गया। पूजा-अर्चना व माता की धोक व बच्चों के मुण्डन संस्कार से प्रारंभ हुआ आयोजन दूसरे दिन भण्डारे के उपरांत पूर्ण हुआ। इस दौरान पहले दिन सोमवार को पूजा, मुण्डन संस्कार व कलाकारों के द्वारा शीतला माता का जगराता, संकीर्तन का आयोजन हुआ। दूसरे दिन माता की धोक के साथ पूजा-अर्चना व इसके पूर्व चुनरी अर्पण के साथ ही भण्डारे का आयोजन प्रसाद के रूप में किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत 20 वर्ष पूर्व मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी और तब से लेकर प्रतिवर्ष यहां भव्य आयोजन के रूप में वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। देश से माता के मंदिर से ईंट लाकर वर्षों पूर्व शीतला माता मंदिर की आधारशिला रखी गई थी। बड़ा परिवार होने से प्रति वर्ष मुण्डन संस्कार के लिए बच्चों की संख्या बढ़ने और हरियाणा जाकर संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान करने को लेकर पूर्वजों की सलाह और सुविधाओं को मद्देनजर रख नगर में मंदिर का निर्माण कराया गया है। जहां प्रति वर्ष होली के उपरांत पहले सोमवार को समस्त परिवार के लोग बासी खाना खाते हैं और माता शीतला की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान से की जाती है। पिछले कई वर्षों से माता का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में पारिवारिक सदस्यों के बच्चों का मुण्डन संस्कार कार्यक्रम संपन्न होता है।

अभिव्यक्ति ऐप के जरिए महिलाओं एवं बालिकाओं को मिलेगी सुरक्षा

भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं को अभिव्यक्ति एप के बारे में कराया जा रहा अवगत

जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं को छत्तीसगढ़ पुलिस की अभिव्यक्ति एप के बारे में अवगत कराया। महिला पुलिसकर्मी ने महिलाओं को कहा कि कहीं आने-जाने के दौरान किसी प्रकार की समस्या अथवा परेशानी होने पर एप का इस्तेमाल कर पुलिस को अवगत कराए यथासंभव पुलिस जल्द आप तक पहुंचेगी और पुलिस सहायता उपलब्ध होगी।

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय रायपुर के द्वारा अभिव्यक्ति महिला जागरूकता सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन में नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस इस दिशा में लगातार मुहिम चला रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में गुरूवार, 16 मार्च को अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाईन में किया गया।

इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे ने महिलाओं को अभिव्यक्ति ऐप, छेड़छाड़, मानव तस्करी, स्वच्छता एवं साईबर सुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति एप छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गया है। इस अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप के माध्यम से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी। यूजर की लोकेशन के हिसाब से एसओएस बटन दबाते ही यूजर के पास त्वरित पुलिस सहायता पहुंचेगी। इसके अलावा इस एप के माध्यम से महिलाएं कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस एप के इस्तमाल के लिए सबसे पहले महिला-बालिकाओं को अपने मोबाइल फोन में प्ले स्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप डाउनलोड करना है। इसमें उन्हें साइन इन करना है, अपना मोबाइल नंबर डालना है, ओटीपी आएगा उसे एप में डालना है, केवायसी अपडेट करना है, जिसके बाद महिलाएं कभी भी इस एप के माध्यम से अपनी शिकायत अपलोड कर तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती है और कानून के संबंध में किसी प्रकार के असमंजस की स्थिति में सहायता ले सकती है। इस दौरान रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को धन का कटोरा होने का गौरव दिलाया : उमेश देव

नगरी/नवप्रदेश। सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य उमेश देव ने वर्ष 2023 -24 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने धान का कटोरा के रूप में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ राज्य को धन का कटोरा होने का गौरव दिलाया है। किसानों को उनकी उपज का उचित लाभ देने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू की गयी। इसके तहत किसानों को प्रति एकड़ 09 हजार की आदान सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया। खरीफ 2019 से लेकर अब तक 16 हजार 415 करोड़ की आदान सहायता राशि सीधे किसानों के खातों में भुगतान की जा चुकी है।

राज्य की कांग्रेस सरकार का बजट प्रदेश के गरीबों, किसानों, मजदूरों, अनुसूचित जाति, जनजाति, नौजवानों सहित सभी वर्गों के लिए है।

जनपद सदस्य उमेश देव ने कहा कि हमरी सरकार की न्याय योजनाओं से किसानों, मजदूरों, वन आश्रित परिवारों, महिलाओं और युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों का सशक्तिकरण हुआ है। छत्तीसगढ़ी तीज-त्योहार, ग्रामीण खेल-कूद एवं लोक संस्कृति को पुनः सहेजकर हमने छत्तीसगढ़ महतारी का मान बढ़ाया है।

नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी की चार चिन्हारी को आधार बनाकर हमने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयास किया है। समस्त प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है कि मात्र 04 वर्ष की अल्पावधि में हमरी सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ मॉडल के रूप में पहचान मिली है।

देव ने कहा कि बजट में युवाओं के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की नवीन योजना शुरू की जायेगी। जिसके तहत बेरोजगार युवाओं को 2500 रू. प्रति माह की दर से बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा। इसके लिए बजट में 02 सौ 50 करोड़ का नवीन मद में प्रावधान किया गया है।

महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी जाने वाली मासिक मानदेय की राशि 06 हजार 500 रु. प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रू. प्रति माह करने की घोषणा बजट में की गई है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत दी जाने वाली सहायता राशि को 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार किया जाएगा। इसके लिए बजट में 38 करोड का प्रावधान किया गया है।

महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना के तर्ज पर शहरी क्षेत्र में भी औद्योगिक पार्क की स्थापना की जायेगी। औद्योगिक पार्को में लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना के प्रोत्साहन हेतु 50 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है।

प्रदेश के स्कूली बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से 101 नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की बात बजट में कही गई है।

सुदूर क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट की स्थापना हेतु 5 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है।

संभागायुक्त डॉ. अलंग पहुंचे सी मार्ट, स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की ली जानकारी

कोरिया/नवप्रदेश। संभागायुक्त डॉ. संजय कुमार अलंग आज जिला प्रवास के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह तथा जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के साथ जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर स्थित सी मार्ट पहुंचे। उन्होंने यहां स्व-सहायता समूहों, स्थानीय संगठनों, संस्थाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों खाद्य सामग्रियों, मसाले, साबुन, हथकरघा, वनोपज, टेराकोटा, हेंडी क्राफ्ट, गोबर पेंट इत्यादि का अवलोकन किया।

संभागायुक्त डॉ अलंग ने सी-मार्ट की संचालक महिलाओं से उत्पादों की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सी मार्ट के माध्यम से महिलाओं के स्वरोजगार के अवसर बढ़ें हैं, इसी प्रकार मेहनत कर आगे बढ़ें। उन्होंने महिलाओं से विक्रय की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि अब तक 56 लाख का विक्रय किया गया है। इस दौरान उन्होंने विक्रय और सामग्री के रजिस्टर संधारण की जानकारी ली तथा नियमित बैठक किए जाने, आय-व्यय का लेखा हेतु सेक्रेटरी रखे जाने निर्देशित किया। तंबाकू उत्पाद निषेध अभियान दिवस के अवसर पर संभागायुक्त, कलेक्टर ने जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना।

राज्य में आज तंबाकू उत्पाद निषेध अभियान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सरगुजा संभाग आयुक्त डॉ संजय कुमार अलंग ने आज बैकुण्ठपुर में जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सेना में शामिल होने युवाओं के पास मौका

बिलासपुर/नवप्रदेश। अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होकर भारतीय सेना में सेवा देने के लिए युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। इसके लिए ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 मार्च को है। इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के प्रथम चरण में ऑनलाईन कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके बाद द्वितीय चरण में भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली के माध्यम से अग्निवीर सामान्य डयूटी (ऑल आर्मी), अग्निवीर सामान्य डयूटी (अनुसूचित जनजाति) ऑल आर्मी, अग्निवीर लिपिक (क्लर्क/स्टोर कीपर) (ऑल आर्मी), अग्निवीर टेक्निकल (ऑल आर्मी), अग्निवीर ट्रेडमेन 10वीं उत्तीर्ण (ऑल आर्मी) एवं अग्निवीर ट्रेडमेन 8वीं उत्तीर्ण (ऑल आर्मी) के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए 08वीं, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण युवा आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर में चयन होने के बाद उन्हें प्रथम वर्ष 30 हजार एवं भत्ता, द्वितीय वर्ष 33 हजार एवं भत्ता, तृतीय वर्ष 36 हजार 500 एवं भत्ता तथा चतुर्थ वर्ष 40 हजार वेतन एवं भत्ता तथा अन्य सुविधाएं दी जाएगी। साथ ही चार वर्ष पश्चात् अग्निवीर को लगभग 10 लाख ब्याज सहित सेवा निधि पैकेज के रूप में दिया जायेगा, जो आयकर छूट योग्य रहेगा। ऐसे अग्निवीर जो 10वीं कक्षा उत्तीर्ण हैं, उन्हें चार साल की सेवा पश्चात् 12वीं कक्षा के समकक्ष प्रमाण पत्र भी प्रदाय किया जायेगा।

9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 29 तक

मुंगेली/नवप्रदेश। राजीव गांधी बाल भविष्य प्रयास आवासीय विद्यालय योजना के तहत कक्षा 09वीं में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन 29 मार्च तक किया जा सकता है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आनलाईन आवेदन एकलव्य डाट सीजी डाट एनआईसी डाट पर किया जा सकता है। आनलाईन आवेदन 29 मार्च, त्रुटि सुधार 30 मार्च से 03 अप्रैल और परीक्षा की तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सली पीड़ित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 09वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी कराई जाती है।

सचिवों की नियुक्ति, दस्तावेजों की जांच 20 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण विकास घटक-2.0 अंतर्गत जिले में 7 माइक्रोवाटर शेडवार सचिवों की नियुक्ति हेतु मेरिट सूची जारी कर दी गई है, जिसका अवलोकन अभ्यर्थियों द्वारा वेबसाइट https://bilaspur.gov.in// पर किया जा सकता है। उप संचालक कृषि ने मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्रों के जांच के लिए कार्यालय उप संचालक कृषि में 20 मार्च को सवेरे 11 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है।

अल्पसंख्यकों के विकास के लिए सेमीनार आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए 18 मार्च को सवेरे 11 बजे से जनपद पंचायत बिल्हा के सभाकक्ष में सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग रायपुर के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल होंगे। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से बड़ी संख्या में सेमीनार में शामिल होने की अपील की है।

जल जीवन मिशन की बैठक 21 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा एवं विभिन्न एजेण्डों पर निर्णय लेने हेतु कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक 21 मार्च को समय सीमा की बैठक के उपरांत आयोजित की जाएगी। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माण एवं आई.एस.ए. संबंधी कार्यों सहित आबंटन एवं व्यय अनुमोदन एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

यात्री ट्रेनों का रूट बदला, पैसेंजर्स की परेशानी बढ़ी

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे बोर्ड ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग और रायपुर रूट की ट्रेनों को बिलासपुर के बजाए अब दाधापारा बाईपास से बिलासपुर के उसलापुर होकर चलाने का फैसला लिया है। इसमें छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस और दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस (अप-डाउन) शामिल हैं। इस फैसले से उन यात्रियों की परेशानी ज्यादा बढ़ने वाली है, जो रोजाना रायपुर, दुर्ग, भाटापारा, भिलाई से बिलासपुर आना जाना करते हैं। कई यात्री ट्रेनें उसलापुर स्टेशन में पहले से रुक रही हैं। उसलापुर को बिलासपुर का सबस्टेशन बनाने का दावा भी किया गया। मगर सुविधाएं नहीं बढ़ाई गई हैं। पहले से जो यात्री गाड़ियां रुक रही हैं। उनके यात्री भी अक्सर दिक्कत में आ जाते हैं। इस स्टेशन में जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। इस बीच सुविधाओं के बिना ही एक्सप्रेस ट्रेनों को यहां स्टॉपेज देने का फरमान जारी कर दिया है। असल में बड़ी संख्या में यात्री रोजाना दुर्ग, भिलाई, रायपुर, भाटापारा से बिलासपुर आना जाना करते हैं। ये वोल लोग हैं जो रोजाना व्यापार के काम से, या ऑफिस के काम से रोजाना आना जाना करते हैं। इसमें स्टूडेंट्स भी शामिल हैं। जो रोजाना रायपुर आते हैं। पिछले चारों सालों में रेलवे ने यहां स्टेशन में कई जरूरी सुविधाएं अब तक मुहैया नहीं करा पाई है। महज तीन प्लेटफार्म की व्यवस्था है, जहां यात्री ट्रेनें रुकती है। स्टेशन में एक मात्र एंट्री गेट है, जहां पर ट्रेनें आने पर भागम-भाग की स्थिति बन जाती है। टिकट काउंटर भी गिनती के हैं, जिसके कारण ट्रेन आने के समय यात्रियों को समय पर टिकट तक नहीं मिल पाता। 4 साल पहले जब यात्री टेनों को यहां रोकने का फैसला लिया गया था, तब यह दावा किया गया था कि यहां सभी सुविधाएं दी जाएंगी। मगर अब तक ऐसा नहीं हो सका है।

वनकर्मी को हाथी ने दौड़ाया

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हाथियों के उत्पात मचाने की घटना देखने को मिलती रहती है। कभी किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो कभी सड़कों पर लोगों के लिए मुसीबत बनकर घूमते हुए नजर आ जाते हैं। इसी बीच चारगांव जबर्रा इलाके में जंगलों के बीच वन विभाग के कर्मचारी जब दफ्तर से ड्यूटी कर घर जा रहे थे तभी हाथी बीच सड़क पर रास्ता रोककर खड़ा हो गया। इसके बाद डर के मारे वन कर्मचारी अपनी बाइक को दूर छोड़कर भागने लगा। वन कर्मचारी को भागता देख हाथी ने उसे दौड़ाया। हाथी ने वन कर्मचारी के बाइक को पटक दिया। यह पूरा चारगांव जबर्रा इलाका है जिले में लगातार हाथियों का आतंक को देखते हुए वन विभाग की टीम ने आस- पास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया है।

सेंट्रल जेल में कैदी की मौत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर सेंट्रल जेल में एक कैदी की मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। मिली जानकारी के अनुसार, अम्बिकापुर सेंट्रल जेल में कैदी रामविलास हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत बताया। डॉक्टरों ने मौत की वजह फिलहाल हार्ट अटैक बताया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की असली वजह का पता चल सकेगा।

जिपं अध्यक्ष व जिस ने 45 किसानों को किया पशु वितरण

■ **नमसा दे रही है किसानों को आर्थिक संबल**

बिलासपुर/नवप्रदेश। दुनिया में हो रहे जलवायु परिवर्तन को देखते हुए कृषि उत्पादक को स्थिर बनाने की आवश्यकता है, इसके लिए प्राकृतिक संसाधन जैसे मृदा एवं जल की गुणवत्ता,उपलब्धता पर निर्भर किया जाता है। पर्याप्त स्थिति असामान्य उपायों का इस्तेमाल कर कृषि विकास को दुर्लभ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर और सतत प्रयोग को बढ़ावा देकर संधारणीय बनाया जा रहा है। भारतीय कृषि में तक़रीबन 60 प्रतिशत का विशुद्ध बुवाई वर्षा सिंचित क्षेत्र मौजूद है, तथा 40 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन का भी योगदान प्रदान करती है। इसलिए वर्षा वाले क्षेत्रों में कृषि के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण देश में बढ़ती हुई खाद्यान्नों की मांग को पूरा करने की कुंजी है। इसे देखते हुए ही देश की सरकार द्वारा राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (NMSA) को तैयार किया गया है। इसमें एकीकृत खेती,जल प्रयोग कौशल मृदा स्वास्थ प्रबंधन और संसाधन संरक्षण आदि को विस्तृत करने की और ध्यान केंद्रित किया जायेगा, जिससे वर्षा सिंचित क्षेत्रों में कृषि उत्पादकता को बढ़ाया जा सके।

इसी कड़ी में जिले के ग्राम कल्मीटार में 45 किसानों और पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बकरी का वितरण जिला पंचायत अध्यक्ष चौहान,जिला सभापति अंकित गौरहा के द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य गोदावरीबाई कमलसेन, भूपचंद शुक्ला, जनपद अध्यक्ष कोटा मनोहर राज, वासुदेव उपाध्याय व ग्रामवासी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

प्रधान पाठक कल्याण संघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधान पाठकों ने सौंपा ज्ञापन प्रधान पाठकों के संभागीय कार्यालय बिलासपुर से वरिष्ठता सूची जारी किया गया है। जिसमें 10 मार्च 2023 की स्थिति में वरिष्ठता गणना के संबंध में जानकारी मांगा गया है जिसमें जिले के नवपदस्थ प्रधान पाठकों का वरिष्ठता सूची में नाम सम्मिलित नहीं है। जिसे सम्मिलित कराने हेतु आज संयुक्त प्रधान पाठक कल्याण संघ के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव हुलासी राम साहू, संयुक्त प्रधान पाठक कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार निर्मलकर, उपाध्यक्ष हीरा प्रसाद चतुरगोष्टी, नंद राम मरकाम, नरेंद्र साहू, राजू सिंह मार्को, दुष्यंत नागवंशी,थानूराम साहू, लखन साहू, राजेश यादव, मुनसराम साहू, जीतकुमार दिवाकर, दिलीप जटवार, कृष्णा यादव, राम लखन निषाद, लक्ष्मी कुमार ध्रुव, नरेश सोनवानी, देव प्रकाश गेंदले उपस्थित रहे।

पेयजल की परेशानी से कैसे मिलेगी निजात नेता प्रतिपक्ष ने नपा का कराया ध्यानाकर्षण

कोरिया/नवप्रदेश। बैकुंठपुर नगरपालिका परिषद की प्रमुख समस्याओं में से एक समस्या है पेयजल की समस्या ग्रीष्म ऋतु आते ही पानी की समस्या हर जगह होने लगती है इसको देखते हुए नगर पालिका परिषद कि नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह के द्वारा नगर पालिका परिषद से आग्रह किया है कि सही समय पर जो पानी टैंकर छतिग्रस्त है उसे रिपेयरिंग करके सुधार कार्य कराया जाए एवं नए पानी टंकी का संचालन प्रारंभ किया जाए विगत वर्षों से नया जल वर्धन पानी टंकी बनकर तैयार है पर आज तक पानी टंकी का शुभारंभ नहीं कराया जाना समझ से परे नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह नगर पालिका परिषद के हर वार्डों में भ्रमण के दौरान जानने की कोशिश की गई अधिकतर नगर पालिका परिषद की जो प्रमुख समस्याओं में से एक है स्वच्छ साफपानी नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने पेयजल की समस्या से नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर एवं जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराते हुए जन जन की समस्याओं से अवगत कराया।

ज्ञात हो कि बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के समस्त वार्डों में पेयजल की समस्या हमेशा रहती है बैकुंठपुर नगर पालिका के समस्त निवासरत वरिष्ठ जनों का स्वच्छ पेयजल को लेकर एक बहुत बड़ी मांग वर्षों पुरानी मांग है क्योंकि स्वच्छ पानी नहीं मिलने से कई प्रकार की बीमारियों एवं परेशानियों से जूझना पड़ता है नगर पालिका परिषद मैं पुरानी पाइप लाइनों से पानी का सुचारू रूप से सप्लाई नहीं होता है जिससे आए दिन वार्डों में शहर वासियों के द्वारा पानी की समस्या से अवगत कराया जाता रहता है नया पानी टंकी बन गया है और लगभग समस्त वार्डों में पाइप कनेक्शन बिछा दिया गया है उसके बाद भी उस पाइप लाइन में पानी चालू नहीं होने से शहर वासियों को स्वच्छ एवं साफ पानी नहीं मिल पा रहा है नगर पालिका परिषद में रह रहे।

ट्रक ने बाइक को घसीटा, 2 की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। युवक ने अपने भाई को छोड़कर दोस्त के साथ लौट रहा था, तभी रास्ते में सामने से आ रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और करीब 10 फीट तक घसीटता रहा। शिवतराई-सराईपाली निवासी चंद्रशेखर गंधर्व (20) निजी फैक्ट्री में ड्राइवर था। वो अपने भाई को छोड़ने के लिए पेंड्रा गया था। उसके साथ ग्राम घटोली निवासी उसका दोस्त मुन्ना गंधर्व भी था। दोनों बाइक में सवार होकर भाई को छोड़कर वापस कोटा जा रहे थे। सुबह करीब 9.30 बजे बाइक केंदा और दालसागर के पास पहुंची थी तभी ट्रक ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों की मौके पर मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, तब तक वहां लोगों की भीड़ जुट गई थी। इस दौरान आरोपी चालक ट्रक छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने मृतकों की पहचान करने की कोशिश की। लेकिन, उनकी शिनाख्त नहीं हो पा रही थी।

महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण दी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम लिम्हा के महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) लिम्हा से माँ संतोषी महिला स्व सहायता समूह और जय सतनाम महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने 16 मार्च को देवभोग दुग्ध सयंत्र कोनी बिलासपुर में एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में समूह की महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए बिलासपुर भेजा गया था। जहां संयंत्र के विशेषज्ञों द्वारा दही पनीर, रबड़ी, श्रीखंड, दुग्ध कलेक्शन, दुग्ध भंडारण, पैकिंग, परिवहन आदि के संबंध में महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

बता दें कि कलेक्टर द्वारा विगत दिनों ग्राम लिम्हा के रीपा का निरीक्षण किया गया था और रीपा में कार्य करने वाले स्व सहायता समूह की महिलाओं के कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में माँ संतोषी महिला स्व सहायता समूह और जय सतनाम महिला स्व सहायता समूह के साथ राजीव युवा मितान क्लब लिम्हा के अध्यक्ष व सदस्य को एक दिवसीय प्रशिक्षण के लिए देवभोग संयंत्र भेजा गया था। प्रशिक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी भी उनके साथ मौजूद थे।

शासन की सामुदायिक बाड़ी विकास योजना बना आमदनी का जरिया

■ **समूह की महिलाओं ने सब्जी बेचकर कमाए 01 लाख 50 हजार रूपए**

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सामुदायिक बाड़ी विकास योजना स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए आमदनी का जरिया बन चुकी है। महिलाएं सामुदायिक बाड़ी में सब्जी की खेती कर अच्छा खासा पैसा कमा रही हैं। लोरमी विकासखंड के ग्राम सांवतपुर में दुर्गा इंदिरा स्व सहायता समूह की महिलाएं बाड़ी विकास योजना के तहत सब्जी उत्पादन कर योजना के प्रारंभ से अब तक 1.50 लाख रुपए की आमदनी प्राप्त कर चुकी हैं। समूह के महिलाओं का कहना है कि शासन की बाड़ी विकास योजना हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इन महिलाओं ने शासन की महत्वाकांक्षी बाड़ी विकास योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

समूह की महिलाओं ने बताया कि जब से गौठान बना है। तब से हम लोग गौठान परिसर में सब्जी की खेती कर रहे हैं और उत्पादित सब्जी को आसपास के बाजार में थोक, चिल्हर तथा स्कूल व आंगनबाड़ी में बेचकर अब तक 01 लाख 50 हजार का आय हुआ है, जिससे हम सभी महिलाओं के जीवन स्तर में काफी सुधार आया है। बाड़ी विकास योजना के तहत समय-समय पर हमें उद्यान विभाग द्वारा सब्जी उत्पादन हेतु आवश्यक तकनीकी मागदर्शन भी प्राप्त होता है। बता दें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप शासन द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने सामुदायिक बाड़ी विकास योजना प्रारंभ की गई है। कलेक्टर श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले में योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके चलते आज स्व सहायता समूह की महिलाएं बाड़ी विकास कार्य से जुड़कर अच्छा खासा पैसा कमा रही है और आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

कलेक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक, सौंपी जिम्मेदारी

■ **मुख्यमंत्री का नगर पंचायत सरगांव दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित**

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के 25 मार्च को नगर पंचायत सरगांव में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर राहुल देव ने विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए आप लोगों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। संबंधित अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्था निर्धारित समय पर सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने पुलिस विभाग को पार्किंग, कानून व्यवस्था, ट्रैफिक रूटचार्ट, वन विभाग को बांस-बल्ली उपलब्ध कराने, लोक निर्माण विभाग को टेंट एवं बेरिकेटिंग व्यवस्था, हेलीपेड की तैयारी, विद्युत विभाग को कार्यक्रम स्थल पर निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य विभाग को जीवन रक्षक दवाईयों के साथ स्वास्थ्य सुविधा एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था, खाद्य विभाग को स्वल्पाहार व्यवस्था, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल की व्यवस्था, नगर पंचायत सरगांव को कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई व पानी टैंकर की व्यवस्था, डिप्टी कमांडेड होमगार्ड को फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सहित तमाम विभागीय अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल के लिए जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर तेंदूपत्ता, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को लाने ले जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था, विभागीय स्टाल, प्रदर्शनी, माईक साऊण्ड, स्क्रीन एवं लाईट की सम्पूर्ण व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकार्पण एवं भूमिपूजन आदि के लिए भी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपे।

चार एक्सप्रेस ट्रेनों में लगेंगे एक्स्ट्रा कोच

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन मौसम शुरू होते ही छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की डिमांड बढ़ गई है। इसके चलते कई गाड़ियों में कंफर्म बर्थ के लिए मारामारी हो रही है। यही वजह है कि रेलवे ने दो जोड़ी यानि चार एक्सप्रेस ट्रेनों में एक्सट्रा कोच लगाने का फैसला किया है। वहीं, दुर्ग-हटिया-दुर्ग के बीच चलने वाली द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल को अब 31 मार्च से बढ़ाकर 31 जुलाई तक विस्तार किया गया है। रेलवे का दावा है कि इससे यात्रियों की सुविधाएं बढ़ेंगी और उन्हें कंफर्म बर्थ भी मिलेगा। बिलासपुर जोन से रायपुर, दुर्ग से होकर मुंबई और दूसरे राज्य के लिए चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके चलते कई एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल रहा है।

तंबाकू उत्पाद निषेध अभियान चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र पैकरा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के निर्देशानुसार व डॉक्टर कासिम कुरेशी जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में तंबाकू उत्पाद निषेध अभियान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जेसीस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पेपर चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन साइकोलॉजिस्ट ओम प्रकाश साहू एवं सोशल वर्कर बलराम के द्वारा आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से लेकर कक्षा 11वीं तक के 45 बच्चों ने भाग लिया। इस जागरूकता कार्यक्रम के संदर्भ में स्कूल के प्राचार्य सुनील पाण्डेय ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के लिए आयोजित करने से बच्चे भी जागरूक होते हैं और उन्हें हानिकारक पदार्थों से दूर रहने की प्रेरणा भी मिलती है, जिससे उनका सेहत अच्छा और भविष्य खुशहाल हो जाता है।

आदर्श कृषि उपज मंडी को किसानों के लिए किया जा रहा सुविधाओं से सुसज्जित

मुंगेली/नवप्रदेश। आदर्श कृषि उपज मंडी में किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। परिसर में कैमरे, पेयजल के लिए वाटर कुलर, लगभग सात फिट का बाउंड्रीवाल सहित शेड शौचालय एवं एचडीएफसी बैंक हेतु अतरिक्त भवन निर्माण, खुले नीलामी चबुतरे को शेड से कवर करना, अनाजो को सुरक्षित रखने के लिए जाली तार की व्यवस्था, स्टोर रूम की व्यवस्था की गई है।

अविभाजित बिलासपुर जिले के दौरान से संचालित भाटापारा के बाद सबसे बड़ी और पुरानी आदर्श कृषि उपज मंडी आने वाले समय में सर्व सुविधा युक्त होने वाली है। जिसके उपरांत किसानो और वहां कार्यरत व्यापारियों हमालो को सुविधाएं मिलने के आसार नजर आने लगे है। ज्ञात हो विगत कुछ समय अपनी अव्यवस्थाओं के चलते सुर्खिया में रहने वाली आर्दश कृषि उपज मंडी में अब सारी अव्यवस्थाएं जैसे पेयजल व्यवस्था असमाजिक तत्वों के जमावड़े, हमालों के भोजन एवं आराम करने के शेड की व्यवस्था न होना, मंडी परिसर में रखे धान और अन्य समानो की चोरी पर बहुत जल्द लगाम लग जायेगा। इस पूरे मामले में आदर्श कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय ने बताया कि पदभार ग्रहण करने के बाद से समय-समय पर मंडी निरीक्षण के दौरान हमालों और व्यापारियों को होने वाली दिक्कतों से रूबरू होकर प्रदेश के मुखिया को सारी बातों से अवगत कराया गया था, जिस पर प्रदेश के मुखिया ने अपने किसान हितैषी होने का परिचय देते हुए मुंगेली मंडी के लिए किये गये मागो पर संज्ञान लेते हुए कायाकल्प कराने की दिशा में हरी झंडी दे दी। इसी तारतम्य में अब मंडी परिसर में कैमरे पेयजल के लिए वाटर कुलर, लगभग सात फिट का बाउंड्रीवाल सहित शेड शौचालय एवं एचडीएफसी बैंक हेतु अतरिक्त भवन निर्माण, खुले नीलामी चबुतरे को शेड से कवर करना, अनाजो को सुरक्षित रखने के लिए जाली तार की व्यवस्था, स्टोर रूम की व्यस्था, 3 नग नये गोदाम की व्यवस्था स्टाफक्वाटर, परिसर की सुंदरता के लिए छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा छत्तीसगढ़ के नक्शे सहित प्रस्तावित है। इस पूरे मामले पर आर्दश कृषि उपज मंडी के सचिव ने बताया कि कृषि उपज मंडी समिति में भारसाधक समिति के आने के पश्चात कृषि उपज मंडी समिति का चहुमुंखी विकास हुआ है। किसानों व्यापारियों के उपयोग हेतु पीने हेतु शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुये वाटर कूलर लगवाया गया है। वर्तमान तक किसानों व्यापारियों द्वारा मंडी के कार्यों का संचालन सुचारू रूप से जारी है। साथ ही साथ कृषि उपज की सुरक्षा हेतु शेड पर जाली लगवाया गया है। ओपन आक्सन प्लेटफार्म को कव्हर्ड शेड बनवाया गया है जिससे किसान संतुष्ट है।

न्यूज गैलरी

सात दिवसीय वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

सारंगढ़/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा 17 से 23 मार्च तक सात दिवसीय वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेलभांठा मैदान सारंगढ़ में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी उम्र के महिला एवं पुरूष भाग ले सकेंगे। यह प्रशिक्षण शिविर सायं 6.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होगा, जो पूर्णरूप से निःशुल्क है।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन कल

बीजापुर/नवप्रदेश। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस 17 मार्च को मिनी स्टेडियम में महिला क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ जिसमें आठ टीमों की सहभागिता रहेगी। वहीं दूसरे दिवस 18 मार्च को आनंद मेला, रंगोली, मेहंदी, म्युजिकल चेयर, सलाद सज्जा, रस्साकशी, मटका फोड़ एवं सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन होगा जिसके आयोजनकर्ता पुलिस प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला अधिकारी एवं कर्मचारी को सम्मानित करेंगे।

निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिले में लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत बन रहे सड़क, पुल-पुलिया का विस्तृत समीक्षा करते हुऐ निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों को स्वयं उपस्थित होकर सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने एवं गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य कराने के सख्त निर्देश दिए। वहीं कार्यो में बाधा डालने वालों पर आवश्यक कार्रवाई करने सहित जिनका कार्य संतोष जनक नहीं है उन ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट में डालने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निर्माण कार्यों में पर्याप्त मजदूरों की संख्या एवं आवश्यक मशीनरी समान की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए, बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

कलेक्टर ने ली जल-जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

बीजापुर/नवप्रदेश। जल-जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने ठेकेदारों को आबंटित कार्यादेश अनुबंध के अनुसार सभी कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यो की गुणवत्ता व मानक अनुरूप कार्य किए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं जो ठेकेदार समय पर कार्य कर रहे हैं उनके कार्यो को प्राथमिकता देते हुए देयक तैयार कर भुगतान करने की बात कही एवं जिन गावों में पाईप लाईन व घरेलू कनेक्शन के कार्य पूर्ण है वहां पर सोलर ड्यूल पंप के कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को शुद्ध पेयजल मिल सके एवं ऐसे ठेकेदार जो कार्य प्रारंभ नहीं किए है या समय-सीमा के पूर्ण हाने के पश्चात भी कार्य प्रारंभ नहीं किए है उन पर अनुबंध के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रविकुमार साहू,मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीसी नारनोर, अनुविभागीय अधिकारी रूद्रप्राताप सिंह सहित उप अभियंता क्रेडा विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

जिले में मनाया जा रहा ग्लूकोमा सप्ताह

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश । संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 से 18 मार्च तक ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में जन सामान्य को ग्लूकोमा की जानकारी देकर 40 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की स्क्रीनिंग एवं निःशुल्क प्रेसबायोपिया चश्मा का वितरण किया गया।

मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्राम पंचायत मल्दा ब के आश्रित गांव देवसर

- प्रधानमंत्री आवास योजना की मोहताज हैं देवसरवासी
- पढ़ने की जिद और जुनून ऐसा कि जंगल के बीच लंबी दूरी तय कर विद्यालय आते हैं बच्चे

सारंगढ़/नवप्रदेश। एक तरफ देशभर में आजादी के 75वे वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। वहीं आज भी जिले के कई गांव ऐसे है जहां के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। सड़क,बिजली,पानी और आवास योजना की सुविधा आज तक नहीं पहुंच सकी है।जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपेक्षा का खामियाजा भोगने को विवश हैं। ऐसे ही ग्राम पंचायत मल्दा ब का आश्रित गांव देवसर है । गोमार्डा अभ्यारण के बीच बसे इस गांव के लोग विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है।जिला मुख्यालय से तकरीबन पन्द्रह किमी दूर ग्राम पंचायत मल्दा ब के आश्रित गांव देवसर के लोग वर्षो से बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहें है। सात यादव परिवार के तीस चालीस की जनसंख्या वाला गांव देवसर पेयजल,आवास योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण आदि जैसे सरकारी योजनाओं की लाभ एवम सुविधाओं से वंचित है। गांववालों को मताधिकार तो मिला है लेकिन इसका लाभ चुनाव लडने वालों तक ही सीमित है।चुनाव जीतने के बाद सरपंच से लेकर विधायक सांसदो को भी इस गांव की बेहतरी के समय नही मिलता है। गोमर्डा अभ्यारण के बीच बसे होने का खामियाजा यहां के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से वंचित होने के कारण विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर ,अभाव मे जिंदगी जीने को मजबूर हैं।बरसात मे पहाड़ी नालों से बहती पानी से गुजर बसर करने वाले ग्रामिणजनों को भीषण गर्मी में निस्तारी एवम पेयजल की किल्लत से जूझना पड़ता है। गांव मे एक पानी टंकी और ट्यूबवेल है जो सालों से बंद पड़ा है। नल की टोंटी से पानी की धारा गिरने की बजाय हवा निकलती है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम मे निस्तारी एवम पेयजल की सुविधा मिलती है,परंतु अक्टूबर नवम्बर लगने के साथ ही निस्तारी और पेयजल की परेशानी होने लगती है। जो आगामी बरसात तक बनी रहती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि निस्तारी और पेयजल के लिए दो किमी की दूरी तय कर पंचायत मुख्यालय तक आते हैं।जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस दिशा मे कोई प्रयास नहीं करते हैं।

जिला मुख्यालय से लगभग पंद्रह किमी की दूरी पर स्थित मल्दा ब के आश्रित ग्राम देवसर के नौनिहालों की है जिनकी पढ़ने की जिद और जूनून के साथ अदम्य साहस के आगे जंगल की पथरीली राह और दो किमी की दूरी भी कम लगती है। सारंगढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्दा ब के आश्रित ग्राम देवसर के ये जांबाज बच्चे ,जो रोजाना जंगल की पगडंडी पर चलकर विद्यालय की दहलीज तक पठन पाठन के लिए पहुंचते है। पढ़ लिखकर अपना और गांव,समाज तथा देश का नाम रोशन करने की चाह मे ये बच्चे जंगल की राह और दो किमी लंबी दूरी को चलकर रोजाना विद्यालय पहुंचते है। जंगल के बीच बसा गांव देवसर, जहां महज सात परिवार के पैंतीस चालीस लोग निवास करते हैं। वहां के नौनिहाल सुखद और सुरक्षित भविष्य के सपनों को साकार करने शिक्षा की मंदिर तक पहुंचते है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव के बावजूद देवसर के ग्रामीणजन अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर कुछ बनाने की अभिलाषा मे बेहतर शिक्षा देने सरकार की सब पढ़े सब बढे की अवधारणा को साकार करने हरसंभव प्रयासरत है।

क्या कहते हैं अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि

पानी की समस्या को लेकर विधायक द्वारा बोर खनन कराया गया था प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सूचियों में नाम ही नहीं है और इससे ज्यादा मैं नहीं बता सकता क्योंकि कुछ दिन पहले ही यहां मैं आया हूं।

केशव चौहान पंचायत सचिव मल्दब

इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ एवं पंचायत इंस्पेक्टर से उनके फोन नंबरों पर संपर्क किया गया लेकिन उनका मोबाइल की घंटी बजती ही रही लेकिन उन लोगों द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। गांव वालों द्वारा मुझे सूचना दिया गया है खेत में बोर है लेकिन जल स्रोत नीचे चले जाने के कारण उसमें पाइप लगाने के लिए कर्मचारियों को बोला हूं दो-चार दिनों में बोर चालू हो जाएगा।

बीएल खरे, सहायक अभियंता पीएचई विभाग सारंगढ़

बकरी चराने मना करने पर पति ने पत्नी को मौत के घाट उतारा

- आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

कांकेर/नवप्रदेश। अंतागढ़ के ताड़ोकी थाने के ग्राम मलमेटा में पत्नि द्वारा बकरी को चरने के लिए नहीं छोड़ने से नाराज होकर शराबी पति ने अपनी पत्नि की कुल्हाड़ी और बेट से मारकर हत्या कर दी। हत्या के चंद घंटे बाद आरोपी को ताड़ोकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

ताड़ोकी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 15 मार्च की सुबह रनाय बाई कुमेटी पति दस्सू राम कुमेटी महुआ बिनने एवम लकड़ी लेने के लिए खेत गई थी खेत जाने की जल्दबाजी में बकरी को चरने के लिए ले जाना भूल गई।शाम करीबन 04:30 बजे रनाय बाई का पति दस्सु राम कुमेटी पिता सूद राय उम्र 36 वर्ष साथ मलमेटा शराब के नशे में खेत आया जो बकरी को चरने के लिए नही छोड़ने के कारण पत्नी से इतना नाराज हुआ कि उसके सिर पर खून सवार हो गया खेत में अपनी पत्नी रनाय बाई के पास जाकर उसे गाली गलौज करने लगा और गुस्से में टंगिया के बेट से अपनी पत्नी पर प्राण घातक प्रहार कर दिया जिससे रनाय बाई खेत में ही बेहोश होकर गिर गई। उनका लड़का मेहतू राम उम्र 13 वर्ष अपनी मां को मार खाते हुए दूर से देख रहा था, परंतु अपने पिता के द्वारा उसे भी मारे जाने के डर के कारण बीच बचाव करने नही आया। थोड़ी देर बाद पिता के वहां से चले जाने व मां के होश में आने के बाद लड़का मेहतु राम अपनी मां को खेत में बने लाड़ी में ले जाकर पानी पिलाया और मां की सेवा में लगा रहा, मगर आरोपी दस्सू राम द्वारा कुल्हाड़ी और बेट से प्रहार कर प्राणघातक हमला किया गया हमले से रनाय बाई को लगी अंदरूनी चोटों के कारण कुछ ही देर में उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना आरोपी दस्सू द्वारा गांव में एवम रिश्तेदारों में किसी को नहीं दिया गया। 16 मार्च को मृतिका रनाय बाई के भाई मंगुराम नूरेटी को दस्सू राम कुमेटी के द्वारा रनाय बाई की हत्या की सूचना पुलिस को दिया गया, जिस पर पुलिस के द्वारा तत्परता दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा खोमन लाल सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ अमरनाथ सिदार पुलिस अंतागढ़ निर्देशन में थाना प्रभारी ताड़ोकी उप निरीक्षक अजय साहू एवम हमराह स्टाफ के द्वारा सूचना मिलने के चंद घंटों के भीतर ही आरोपी दस्सू राम कुमेटी पिता सूद राय उम्र 36 वर्ष साकिन मलमेटा थाना ताड़ोकी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया ।

मदिरा दुकानों के इच्छुक खरीददारों से निविदा 27 मार्च तक आमंत्रित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दन्तेवाड़ा जिले में संचालित मदिरा दुकाने क्रमशः 1- देशी मदिरा दुकान दन्तेवाड़ा, औद्योगिक क्षेत्र टेकनार रोड दन्तेवाड़ा, 2-विदेशी मदिरा दुकान दन्तेवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र टेकनार रोड दन्तेवाड़ा, 3-विदेशी मदिरा दुकान हारम, 4-विदेशी मदिरा दुकान बचेली दशरथ पारा वार्ड क्र. 1, 5-विदेशी मदिरा दुकान किरन्दुल पटवारी पारा, कुल 05 मदिरा दुकानों के खाली कार्टून/खाली शीशी (कांच की) के विक्रय हेतु वर्ष 2023-24 के लिए 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक के लिए निम्न शर्तो के अधीन इच्छुक खरीददारों से निविदा सील बन्द लिफाफे में 27 मार्च 2023 को अपराह्न 3 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी संयुक्त जिला कार्यालय भवन प्रथम तल के कक्ष क्रमांक 17 जिला दन्तेवाड़ा में आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदा को जिला स्तरीय गठित विक्रय समिति द्वारा 27 मार्च 2023 को सायं 5 बजे खोली जाएगी। खाली शीशी तथा खाली कार्टून की पृथक-पृथक सीलबंद निविदाएं जिला आबकारी अधिकारी सह, जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के नाम व्यक्तिशः या स्पीड पोस्ट से अंतिम तिथि तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा, वह स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।

मोर आवास आंदोलन पर आशुबम से हमला निंदनीय: ज्योति सिंह

सुरजपुर/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी ज्योति सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 15 मार्च को रायपुर में भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा बुलाये गए मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में विधानसभा घेराव किया गया जहाँ जिस घटना क्रम से वापस सुरजपुर लौट कर कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए संगीन आरोप प्रत्यारोप लगाए वही विज्ञप्ति में बताया है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर पूरे प्रदेश से लाखो की संख्या मे प्रधानमंत्री मोर आवास मोर अधिकार के हितग्राहीयो एवम भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी रायपुर पहुच कर जन आंदोलन को सफल बना दिये जाने से प्रदेश की कांग्रेस सरकार लाखों की संख्या में एकत्र भीड़ को देख नीद उड़ा दी थी जिसके कारण भूपेश बघेल जी की सरकार ने भाजपा रैली के जनसैलाब में ना सिर्फ वाटर केनन से आंदोलन को रोकने का प्रयास किया बल्कि आशु बम के गोले भी भीड़ के ऊपर फेके गए जिसको जानलेवा हमला ही माना जा सकता है जिसकी जितनी निंदा की जाए वह कम होगी वही आगे उलेख किया कि जहाँ गौर करने वाली बात है कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव जी पूरे प्रदेश से आये आवास के हितग्राही माता बहनों भाइयो का पाव पखार कर उनको न्याय दिलाये जाने के लिए भारतीय संस्कृति का परिचय दियाहै जबकि भूपेश बघेल जी की सरकार आंदोलन पर बर्बरता क्रूरता बरतने में कोई कमी नही की गई मैं भाजपा की एक कार्यकर्ता के हैसियत से पूछना चाहती हु की क्या गरीब परिवारों को न्याय मांगना अपराध है ,क्या हम छतीसगढ़ वासी नही थे क्या पाकिस्तानी थे जिनपर क्रूरता कांग्रेस की सरकार ने दिखाई 15मार्च को आज इस घटना में शामिल हमारे छेत्र जिले से गई आवास की हितग्राही भोले भाली माता बहने भाई के द्वारा बोला बताया जा रहा है कि काका के काम के काम कितना बढ़िया है ....जो जन चर्चा बनी हुई है ।

भाजपा मंडल ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पढ़कर सुनाया

कांकेर/नवप्रदेश। मंडल धनेलीकन्हार में शुक्रवार को 7 शक्ति केंद्रों में राष्ट्रपति के अभिभाषण का वाचन सभी शक्ति केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राष्ट्रपति अभिभाषण का वाचन सातों शक्ति केंद्र में प्रभारी बना कर वाचन किया गया सबसे पहले शक्ति केंद्र कोदागांव में मंडल अध्यक्ष पंचू राम नायक तालाकुर्रा दिलीप सिंह राजपूत तेलावट तिलक नाग डोमाहर्रा नम्मूखरे पीढापाल सितम्बर कावडे

धनतुलसी कृष्णा साहू ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का वाचन किया गया।इस दौरान साथ समय दायिनी, विस्तारक अपने अपने सम्बंधित शक्ति केंद्रों में बुथ सशक्तिकरण को लेकर 10 दिन का समय देकर काम करना और बुथ समिति को संगठित करना, अपने बुथ क्षेत्रों में आने वाले समाजिक, राजनीतिक, वरिष्ठ व्यक्तियों का लिस्ट बना कर काम करना के विषय पर चर्चा किया गया।

बुथ सशक्तिकरण अभियान 17 मार्च से लेकर कर 28 मार्च तक पुरे बुथ में जाकर काम करने के सम्बन्ध में विचार किया किया गया। कार्यक्रम में पंचू राम नायक मंडल अध्यक्ष धनेलीकन्हार अब्दुल खलील खान अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष, डाकेश साहू महामंत्री, दिलीप सिंह राजपूत विस्तारक, गोपाल साहू, हिरेंद्र कुबेर,जय कुबेर, दया राम आरदे, लाल दास साहू, खेमन साहू, नरसिंह नायक, कुमार रावटे,तुकेश बेलोधिया, यादव राम साहू, डिकुन तला साहू, संयोजक, बिपत पटेल, बलजीत, सन्त, चंन्दहस साहू, नरेंद्र पटेल, कुंज बिहारी, यशवंत निषाद, टिकेश्वर नाग ओमेंद्र महावीर,पुनित नाग, नेकचंद साहू, मुकेश निषाद ने अभिभाषण पढ़कर कार्यकर्ताओ को सुनाया गया।

कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/3803/लो.क./2023 सारंगढ़, दिनांक- 16/03/2023

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा संशोधन सूचना ::-

एतद् द्वारा कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़ द्वारा जारी निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 3620 दिनांक 22.02.2023 के तहत् ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर नं. 125840 एवं 125841 जारी किया गया था। उक्त निविदाओं में Bid Due Date में 15.03.2023 समय सांय 05.30 बजे, Submission Of Physical document 17.03.2023 समय दोपहर 04.30 तथा Bid Open Date 20.03.2023 समय दोपहर 12.00 बजे तक निर्धारित था। उक्त निविदाओं में अपरिहार्य कारणों से संशोधन करते हुये Bid Due Date में 22.03.2023 समय सांय 05.30 बजे, Submission Of Physical document 27.03.2023 समय दोपहर 04.30 तथा Bid Open Date 29.03.2023 समय दोपहर 12.00 बजे तक किया जाता है। तथा शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सारंगढ़

प्रथम पृष्ठ का शेष

गांधी प्रतिमा के ...

मामले में संयुक्त संसदीय समिति की मांग कर रहा है वहीं सत्ता पक्ष विदेशों में भारत के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिये गये बयानों पर उनसे माफी की मांग कर रहा है।

100 से अधिक भाजपा...

में पीडब्ल्यूडी विभाग के बांस बल्ली और टीन शेड के बैरिकेड पिरदा चौक पर लगाए गए थे । सभी जगहों पर बांस बल्ली और टिन शेड बैरिकेड के और लोहे के डिवाइडर को तोड़कर सरकारी संपति को भाजपा नेताओं ने नुकसान पहुंचाया है। वहीं दूसरी एफआईआर में धारा 147, 332, 353 और 186 के तहत विधानसभा थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस की ओर से ही लिखी गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता विधानसभा घेराव करने पहुंचे थे । रिंग रोड नंबर 3 से लगे हुए पिरदा चौक मैदान में सभा के आयोजन के बाद करीबन 10000 लोग इस सभा में शामिल हुए। इसके बाद सभी विधानसभा घेराव करने निकले। पिरदा चौक के पास इन्हें रोका गया, लेकिन कार्यकर्ता पुलिस के काम में बाधा पहुंचा कर एएसपी विवेक शुक्ला, एएसपी राहुल देव शर्मा, डीएसपी गुरजीत सिंह, इंस्पेक्टर नितेश ठाकुर, कॉन्स्टेबल दिलीप जांगड़े, एंटी क्राइम ब्रांच के कांस्टेबल शेख आदिल, कॉन्स्टेबल दीपक पांडे कॉन्स्टेबल मोहन तिवारी जैसे पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई करके उन्हें चोट पहुंचाई है।

न्यायालय नायब तहसीलदार बांदे जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.मा.क/01/अ-20 (3)/2022-23
ग्राम कुरेनार प.ह.न 26

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सुचित किया जाता है कि कि आवेदक उप पंजीयक सहकारी सस्थाये जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम कुरेनार प.ह.न 26 राजस्व निरीक्षक मंडल व उपतहसील बांदे जिला उत्तर बस्तर कांकेर स्थित शासकीय भूमि खन 151/1 रकवा 9.07 हे. मे से 0.40 हे. भूमि को कार्यालय सह गोदाम भवन के लिये उप पंजीयक सहकारी सस्थाये जिला उत्तर बस्तर कांकेर को आवंटन करने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदया जिला उत्तर वस्तर कांकेर को प्रस्तुत करने से जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। अतः आवेदित भूमि को कार्यालय सह गोदाम भवन हेतु उप पंजीयक सहकारी संस्थाये जिला उत्तर बस्तर कांकेर को आंबटन करने से जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण की पेशी तिथि 24.3.2023 के पूर्व दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

आज दिनांक 6.3.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार
बांदे, जिला- उत्तर बस्तर
कांकेर (छ.ग.)

स्वप्नलोक कॉम्पलेक्स...

परेशानी और घुटन होने से छह लोगों की मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि कल शाम साढ़े सात बजे स्वप्नलोक कॉम्पलेक्स की पांचवीं मंजिल में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गयी थी। दमकल विभाग को आग लगने की सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने आठ मंजिला इमारत से आग की लपटें निकलने के बाद उस पर काबू पाने के लिए 13 से अधिक दमकल की गाड़ियों के साथ कर्मियों को भेजा। उन्होंने बताया कि कॉम्पलेक्स में कम से कम 13 लोग अंदर फंसे हुए थे, जिनमें से सात को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि अन्य छह की घने धुएं के कारण दम घुटने से मौत हो गई।

मनीष सिसोदिया की ...

किया कि पूछताछ के नाम पर एजेंसी सिर्फ उन्हें इधर उधर बैठाती है। 7 दिन में सिर्फ11 घंटे पूछताछ की गई। ईडी ने कोर्ट में कहा कि जांच अभी अहम मोड़ पर है, अगर अभी हिरासत नहीं मिली तो सारी मेहनत बेकार हो जाएगी। इतना ही नहीं जांच एजेंसी ने कोर्ट में बताया कि मनीष सिसोदिया से सीसीटीवी की निगरानी में पूछताछ की जा रही है। अभी दो लोगों को 18, 19 तारीख को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया है।

छत्तीसगढ़ में 10 ...

रौशन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह 'खेलबो जीतबो गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की परिकल्पना को साकार करने में एक और सार्थक कदम सिद्ध हुआ है। बस्तर में हॉकी, धमतरी में कुश्ती, जांजगीर चांपा में हॉकी, कोरबा में फुटबॉल, बलरामपुर में फुटबॉल, बेमेतरा में कबड्डी, दंतेवाड़ा में तीरंदाजी, महासमुंद में तीरंदाजी, मुंगेली में फुटबॉल तथा सूरजपुर में फुटबॉल खेल की नए खेलो इंडिया लघु केंद्र स्वीकृत किए गए हैं।

संसद का पूरा सप्ताह...

ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

कार्यालय नगर पंचायत बारसूर, जिला- द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

ई-मेल- barsoorcmo@gmail.com

क्रमांक / 269/ लो.नि.शा./ न.पं./ नि.सू./ 2022-23 बारसूर, दिनॅाक 16/03/2023

-: मैनुअल पद्धति अन्तर्गत निविदा आमंत्रण सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से जोनल कार्य हेतु छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन / सड़क एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 को जारी एवं निविदा दिनांक तक संशोधित के आधार पर एवं प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द निविदा प्रपत्र ''अ'' मे प्रतिशत के आधार पर पंजीकृत पावती युक्त डाक या स्पीड पोस्ट से प्रथम मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 28/03/2023 संध्या 5.00 बजे तक ।
02. परीक्षण पश्चात् निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 31/03/2023 संध्या 5.00 बजे तक ।
03. कार्यालय मे निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय :- 06/04/2023 संध्या 3.00 बजे तक ।
04. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : - 06/04/2023 संध्या 4.00 बजे ।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूरा करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
01	निकाय क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जोनल कार्य।	30.00	22,500.00	1500.00	31 मार्च 2024 तक
02	वर्ष 2023-24 हेतु प्लेसमेन्ट श्रमिक प्रदाय कार्यालयीन, नलजल, वाहन चालक, सफाई कार्य हेतु।	45.00	33800.00	1500.00	31 मार्च 2024 तक

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा का विवरण / विस्तृत शर्तें / निविदा विज्ञप्ति / निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.cg.uad.gov.in मे देखी जा सकती है ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बारसूर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली जिला- मुंगेली (छ.ग.)

ईमेल -eemun-phe-cg@nic. ट्रांजिट हॉस्टल, जेल रोड मुंगेली फोन -07755-264172. 205475

ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएँ प्रपत्र- ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्यो के लिये जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण :- जिला मुंगेली के विकासखण्ड - लोरमी, मुंगेली एवं पथरिया के विभिन्न ग्रामो में जल जीवन मिशन के अंतर्गत खुडिया समूह ग्राम जल प्रदाय योजना (इन विलेज इंफ्रास्टक्चर) का कार्य ।

क्र.	निविदा सूचना क्र. / दिनांक	सिस्टम क्रमांक	ग्राम / विकास खण्ड	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	402/01.03.2023	126326	तरकीडीह / पथरिया	49.63
2	403/01.03.2023	126347	गोइंद्रा / पथरिया	98.47
3	404/01.03.2023	126349	परसाकापा / पथरिया	60.89
4	405/01.03.2023	126355	कंचनपुर / पथरिया	46.34
5	406/01.03.2023	126370	चीनू/मुंगेली	62.54
6	407/01.03.2023	126382	रजपुरा / मुंगेली	62.54
7	408/01.03.2023	126391	बरबसपुर / मुंगेली	33.68
8	409/01.03.2023	126407	सावंतपुर / लोरमी	69.10
9	410/01.03.2023	126421	कुधुरताल / लोरमी	72.33

Old advt. no. - 98129,98130

बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 21.03.2023

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 01.03.2023 से देखे जा सकते है ।

जी-99354/5

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली
जिला- मुंगेली (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनपुर तहसील के ग्राम जांगड़ा निवासी 40 वर्षीय लोकनाथ नागेश की 4 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी बिलासो बाई को 4 लाख रुपये स्वीकृत की गई है।

डॉ. विक्रम आडिल नगर गौरव से नवाजे गए

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री 1008 भगवान आदिनाथ जन्म कल्याण महोत्सव रथ यात्रा के समापन अवसर पर आयोजित एक गरिमामय सम्मान समारोह में डा जे के आडिल अस्पताल के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. विक्रम आडिल को नगर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। विदित हो की करोना कॉल के दौरान डा विक्रम आडिल ने मानवता की सेवा करने में कोई कसर ना छोड़ते हुए रात दिन एक करते हुए अपने चिकित्सीय सेवा का पूरा योगदान दिया था,यही नही शहर के अन्य स्थानों पर प्रशासन के द्वारा बनाए गए अस्थाई करोनटाईन सेंटर पर जा कर वहा इलाज हेतु आए मरीज पीड़ितों की नि स्वार्थ भाव से सेवा की थी।गुरुवार को भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याण महोत्सव के अवसर पर शिशु मंदिर में समिति के द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में सतीश अग्रवाल, आमीन मेमन ने प्रकाश मोदी,नवीन गदिया,आलोक मिश्रा,अभिषेक मोदी ,अमर मांडवी,सहित उपस्थित गणमान्य लोगो की उपस्थिति में डा विक्रम आडिल को नगर गौरव से सम्मानित किया गया।नगर गौरव से सम्मानित किए जाने पर कृष्ण कुमार वर्मा,लखन कश्यप,संतोष नायक,दीपक टिकरिहा आदि अनेक लोगो ने उन्हें बधाई दी है।

लालसोट महिला मंडल का होली मिलन समारोह

भाटापारा/नवप्रदेश। लालसोट महिला मंडल के द्वारा रंग पंचमी के दिन सत्यनारायण धर्मशाला में होली मिलन का आयोजन रखा गया जिसमें सर्वप्रथम शंकर वार्ड के पार्षद आशीष पुरोहित के द्वारा भगवान परशुराम की फोटो के आगे

दीप प्रज्वलित व माला पहनाकर कार्यक्रम को शुरू किया गया नव निर्वाचित पदाधिकारियों व अध्यक्ष सुशीला तिवारी के द्वारा समाज के बुजुर्ग महिलाओं को गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया गया उसके पश्चात समाज की सभी महिलाएं एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली इस होली मिलन समारोह में समाज के सभी वर्गों ने उत्साह के साथ भाग लिया होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य रुप से महिला मंडल संरक्षक सीमा शर्मा, किरण जोशी ,आशा सेवाका , पिंकी शर्मा ,ज्योति शर्मा, नमिता जोशी, रिंकी शर्मा, ज्योति तिवारी,अर्चना सेवाका ,वंदना शर्मा,उमा सेवाका ,पूजा चौबे, कला पुरोहित, ममता तिवारी, भारती शर्मा, मधु तिवारी, पायल तिवारी, प्राची शर्मा, छाया टोडर, ममता मामू, कमला जोशी, आशा पुरोहित, सीमा पटाक, शिवानी बावला, उमा पटाक, सीमा पुरोहित ,संतोष शर्मा, बेला शर्मा, आंचल तिवारी, आदि समाज की महिलाओं ने अपना योगदान देकर इस आयोजन को सफल बनाया भविष्य में समाज के द्वारा और भी कार्यक्रमों का आयोजन रखा जाएगा 7

गाली गलौच व अश्लील मैसेज करने वाला गिरफ्तार

कवर्धा नवप्रदेश। प्रार्थिया रिपोर्ट दर्ज़ करायी थी की दिनांक 13.03.23 को सुबह सुनील दिवाकर निवासी हरीयरपुर ITI परिसर में आकर अश्लील अश्लील गाली गलौच किया है एवं पूर्व में ईमेल के माध्यम से गंदे गंदे अश्लील मेसज हुज्जहु मोहतरा के ईमेल में भेजा है, प्रार्थिया की रिपोट पर थाना पंडरिया में अपराध क्र. 71/23 धारा 294,509(ख) भादस पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। महिला

सम्बंधित अपराध होने एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय डा. लाल उमेद सिंह द्वारा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंडरिया पंकज कुमार पटेल एवं थाना प्रभारी पंडरिया को प्रकरण के आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया. जिस पर थाना पंडरिया से टीम गठित कर आरोपी पतासाजी हेतु टीम को ग्राम हरीयरपुर फ़ास्टरपुर भेजा गया जहाँ आरोपी को उसके सकुनत से पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ पर जुर्म करना स्वीकार किया जिस पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया। उक्त कार्यवाही में, ह्वद्व नरेन्द्र सिंह, आरक्षक शैलेन्द्र राजपूत, आकाश भोई, पुरुषोत्तम वर्मा का विशेष योगदान रहा।

वरिष्ठ प्रधानपाठकों ने सयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को सौंपा ज्ञापन

कवर्धा नवप्रदेश। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय दुर्ग से छ ग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन कबीरधाम के वरिष्ठ प्रधानपाठको ने फैडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी व जिलाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला के नेतृत्व में सौजन्य भेटकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें 19/10/ 2010 में सीमित परीक्षा पास कर जो शिक्षक प्रधानपाठक(मिडिल) बने थे जिसे 2011मे निरस्त कर दिया गया था। उसे पुनःपूर्व

पदोन्नत दिनांक से वरिष्ठ्ता प्रदान का अनुरोध किया गया । जिस पर संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर ने स्वीकार कर पूर्व पदोन्नति तिथी से वरिष्ठता प्रदान करने हेतु आदेशीत कर दिया है। जिस पर संयुक्त संचालक दुर्ग के द्वारा साकारात्मक सहमति प्रदान की गई । उक्त अवसर पर छ ग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, संभागीय महासचिव देशबंधु शर्मा, जिला अध्यक्ष प्रमोद शुक्ल, नरेश राजपूत,नंद कुमार शर्मा,ऋषि ठाकुर,दीप साहू,रेख लाल कौशिक, नरेन्द्र चंद्रवंशी,चंद्रशेखर चौधरी,जोहन वास,नील मनी केशरवानी,दीपक विश्वकर्मा, शत्रुहन डड़सेना ,दीपक ठाकुर, प्रफुल्ल बिसेन, टीपी नायक, श्रवण सिन्हा, जोहन श्रीवास, भीषम सिंह ठाकुर, बसंत पाटिल, अर्जून चंद्रवंशी, के साथ साथ बड़ी संख्या में प्रधानपाठक व व्याख्याता उपस्थित थे ।

बडौदा कला में एनएसएस का विशेष शिविर आयोजित

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव कृषि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम बडौदा कला में विशेष शिविर आयोजित किया गया है। इस दौरान

स्वयंसेवक विभिन्न सेवा कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी योगेश सिन्हा ने बताया कि शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर स्वच्छता व साक्षरता के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों की साफ़सफ़ाई की जा रही है। इस शिविर में छात्र अंकिश, नितेश, चेतनानंद, हर्षवर्धन, अंकित, प्रवीण, कमलजीत, प्रवीण, अतुल, विजयकांत, विशाल, अभिनव, स्वर्णिम, सांतुराम, छात्रा वेदिका, दिव्या, मनीषा, आरती, सुमन, दीक्षा तथा राखी वॉलंटियर हैं।

जिपं सदस्य ने 2.96 करोड़ की स्वीकृति पर मंत्री डहरिया का जताया आभार

खरोरा/नवप्रदेश। विधायक व नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अपने अपने क्षेत्र में सी.सी. रोड़, आहता निर्माण, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न प्रकार के विकास कार्यो के लिये आवेदन किया था। जिस पर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा से विधायक निधि अन्तर्गत आरंग विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 02 करोड़ 96 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम राखी के निर्मलकर पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, अकोलीकला(भा) में सामुदायिक भवन कबीर पारा में आहाता निर्माण हेतु 02 लाख रूपये, लखौली में पुनितरात तारक के घर

से नया तालाब पार तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख रूपये, चकवे में शारदा बघेल के घर से पंचुराम बघेल के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख रूपये, नारा में माई तालाब में पिचिंग एवं पचरी निर्माण हेतु 05 लाख रूपये एवं राम जानकी मंदिर से मनीष साहू के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु05 लाख रूपये तथा हाई स्कूल परिसर में रंगमंच निर्माण हेतु 02 लाख रूपये, रानीसागर में बस स्टैंड के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख रूपये, राटाकाट में 200 मीटर नाली निर्माण हेतु 05 लाख रूपये, पारागांव में सार्वजनिक दुर्गा स्थल के पास रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख रूपये, एवं बजरंग चौक में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 03 लाख रूपये, निषाद पारा सामुदायिक भवन में किचन शेड निर्माण हेतु 02 लाख, तथा निषाद पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, ग्राम भटिया के सतनामी पारा में सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 6.50 लाख रूपये, मजिठा में मुख्य मार्ग में सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, सेजा में सांस्कृतिक रंगमंच निर्माण हेतु 01 लाख रूपये, बोरिद में गौरागौरी चौक से जीवराखन साहू घर तक नाली निर्माण हेतु 05 लाख रूपये, अमोदी में मिनी स्टैडियम निर्माण हेतु 10 लाख रूपये, केशला में सामुदायिक महिला भवन निर्माण हेतु 05 लाख रूपये, एवं इन्द्र कुमार के घर से नीम चौक तक सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, सण्डी में वार्ड क्र.01 से 08 तक नाली एवं सी. सी.रोड़ निर्माण हेतु 06 लाख, रींवा के धान खरीदी केन्द्र में आहाता निर्माण हेतु 05 लाख, एवं साहू पारा सामुदायिक भवन में किचन सेड निर्माण हेतु 03 लाख, गुजरा में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, बिरबिरा के वार्ड क्र. 11 में सी.सी. रोड़ निर्माण हेतु 02 लाख, धमनी के गुढ़ी चौक में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, फरफौद में नंदकुमार कन्नौजे के घर से पटेवा तालाब तक नाली निर्माण हेतु 05 लाख, एवं हाई स्कूल भवन उन्नयन कार्य हेतु 05 लाख प्रशासकी स्वीकृति मिली है।

संदिग्ध आरोपी के कब्जे से पिस्टल व जिंदा कारतुस बरामद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन मे तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली भोला सिंह राजपुत एवं थाना स्टाफ द्वारा लगातार असामाजिक, संदिग्धों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 14-15 मार्च 2023 को रात्रि गस्त चेक पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर रात्रि करीब 1.45 बजे घटना स्थल अम्बेडकर भवन के पीछे जाली खाता मैदान तुलसीपुर, राजनांदगांव एक व्यक्ति लाल रंग के वाहन में संदिग्ध अवस्था में व अपने पास हथियार रखा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ के मौका पर पहुंचकर एक व्यक्ति को पकड़े। नाम-पता पूछने पर अपना नाम शुभम मिश्रा पिता मेघिस मिश्रा उम्र 26 साल निवासी

ब्राम्हण पारा वार्ड नंबर 58 आजाद चौक रायपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 नग लोहे का पिस्टल 1 नग पीतल का जिंदा कारतुस व लाल रंग का ज्यूपिटर वाहन क्रमांक सीजी 04-एचएल 6084 मिला। पिस्टल रखने के संबंध में कोई कागजात पेश नहीं किया। अवैध रूप से पिस्टल व कारतुस रखना पाये जाने से मौके पर गवाहो के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत पाये जाने से अपराध क्रमांक 204/23 धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मंशा अनुरूप कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

पंडरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों का वर्षो पुराना नया शेयर का मांग

- **जोगी कांग्रेस विधायक रेणु जोगी द्वारा सहकारिता मंत्री से पूछा गया सवाल- किसानों को कब मिलेगा नया शेयर**

पंडरिया/नवप्रदेश। वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है, जहाँ पर सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने छेत्र सहित अन्य जनहित के मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछने व सरकार को घेरने का प्रयास कर रहे है, इसी कड़ी में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे विधायक रेणु जोगी द्वारा कबीरधाम जिला के पंडरिया छेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों को शक्कर कारखाना में नया शेयर प्रदान करने का मुद्दा उठाया।

विधायक रेणु जोगी द्वारा सहकारिता मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम से सवाल पूछा गया कि (1) सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया में वर्तमान में अभी कितने शेयर धारी किसान है? (2) उक्त शक्कर कारखाना में किसानों को आखिरी शेयर कब प्रदान किया गया था? व (3) उक्त कारखाना में किसानों को नया शेयर जारी कब से करने की योजना है?

उक्त सवालों पर मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम जी का लिखित जवाब आता है कि (1) सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया में कुल 11882 शेयरधारी किसान है, (2)जिसमे किसानों को अंतिम बार शेयर दिनांक 29/03/2017 को जारी किया गया है (3)और वर्तमान में किसानों को नया शेयर जारी करने की कोई योजना नही है

विधायक व रास्ट्रीय अध्यक्ष जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे रेणु जोगी द्वारा पंडरिया छेत्र के किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि आप किसान भाइयों के साथ मैं बहुत जल्द माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलने का प्रयास करूंगी जिससे निश्चित तौर पर आप लोगो की नए शेयर की मांग पूरी हो सकती है।

पंडरिया छेत्र के जोगी कांग्रेस के युवा किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने बताया कि हमारे द्वारा विगत 3 वर्षों से लगातार छेत्रिय किसान जो पूर्व में शेयर लेने से वंचित रह गए है ऐसे किसानों को नया शेयर प्रदान किया जाए इसके लिए कई बार आवेदन निवेदन किया जा चुका है, 16 मार्च 2021 में कारखाना के सामने किसान महापंचायत व 23 जनवरी 2023 को किसान आक्रोश रैली के माध्यम से लगातार शाषन प्रशासन से नया शेयर हेतु गुहार लगाया जा रहा है परंतु सरकार है कि किसानों की मांगे नही सुन रही है जिससे हजारों किसानों की समस्याये दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

चंद्रवंशी ने बताया कि एक माह पूर्व किसानों की समस्याओं के बारे में जब हमारे सुप्रीमो विधायक रेणुअजित जोगी जी को अवगत कराया गया तभी उनके द्वारा अस्वाशन दिया गया था कि आगामी विधानसभा सत्र में मैं पंडरिया छेत्र के किसानो की आवाज जरूर उठाउंगी,जो उन्होंने आज कर कर दिखाया अब सरकार की बारी है कि जो सरकार पिछले 5 सालों में एक भी किसानों को नया शेयर प्रदान नही कर पायी है वो कम से कम।अपने कार्यकाल ख़त्म होने तक जरूरतमंद किसानों को शेयर प्रदान करे नही तो स्वयं को किसान हितेषी सरकार कहलाना बंद करे।

हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 14 मार्च 2023 के रात्रि 23.45 बजे प्रार्थी-पीड़ित राधेलाल बंजारे पिता मनहरण बंजारे उम्र 33 वर्ष एवं मनहरण बंजारे पिता बिसौहा बंजारे उम्र 60 साल दोनों निवासी ग्राम दिवानटोला थाना छुरिया अपने घर में सो रहे थे। उसी दौरान आरोपी कन्हाई मारकण्डे पिता स्वण् बचन मारकण्डे उम्र 70 वर्ष साकिन दिवानटोला जमीन संबंधित विवाद को लेकर रंजिशवश राधेलाल बंजारे के घर आकर फावड़ा से राधेलाल बंजारे एवं मनहरण बंजारे को सोते समय जान से मारने की नियत से प्राण घातक हमला कर किया, जिससे राधेलाल बंजारे एवं मनहरण बंजारे के सिर एवं हाथ-भुजा में गंभीर चोटें आयी है। प्रार्थी राधेलाल बंजारे द्वारा डॉयल-112 में फोन कर सूचना देने पर डॉयल.112 के माध्यम से दोनों को छुरिया अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। मामले की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में घटना की

सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देकर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल पहुंचकर घटना में प्रयुक्त फावड़ा को जप्त कर आरोपी कन्हाई मारकण्डे को विधिवत् गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 102/2021 धारा 307, 323 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी का कृत्य अजमानतीय होने से जुडिषियल रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रामअवतार ध्रुव, सउनि रेखलाल भलावे, प्रधान आरक्षक अंजीत नेताम, आरक्षक जयराम निषाद एवं डायल 122 की विशेष योगदान रहा।

घोठिया में महिला उद्यमिता एवं डिजिटल लेन देन सम्मेलन

कवर्धा नवप्रदेश। ग्राम घोठिया में केनरा बैंक कवर्धा द्वारा महिला उद्यमिता एवं डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के संबंध में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बीसी सखी द्वारा किए जा रहे कार्य

की जानकारी उपस्थित महिलाओं को दी गई। ब्रांच मैनेजर अभिषेक सिंह द्वारा उत्कृष्ट उद्यमिता समूह जय मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष भगवती को आटा हल्दी मिल निशुल्क सप्रेम भेंट किया गया। मशीन प्रदान करते हुए ब्रांच मैनेजर द्वारा तन्मयता से कार्य कर आजीविका संवर्धन करने की बात कही। इस अवसर पर प्रभारी विकासखंड परियोजना प्रबंधक शिव कुमार साहू, विकास विस्तार अधिकारी केशव साहू ,पीआरपी ललिता सहारे, बीसी सखी महन्तीन पटेल, केनरा बैंक से नंदनी मैडम तथा स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में आसपास गांव की महिलाएं उपस्थित थी।

जीविकोपार्जन के साथ ही रोज़गार सृजन कर सकते है मत्स्यपालक : विरेन्द्र

- **10 दिवसीय मत्स्य पालन प्रशिक्षण शिविर आयोजित**

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम बिरकोना में 10 दिवसीय मत्स्य पालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के मत्स्य पालकों ने शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू की उपस्थिति में मत्स्य पालकों को शासन की योजना के तहत मछली जाल व अन्य उपकरण के साथ प्रधानमन्त्री बीमा में बीमित हितग्राही को बीमा की जानकारी देकर पालिसी प्रदान किया गया,तथा किसानों व मछुवारों से चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थिज जनो को संबोधित करते हुए विरेन्द्र साहू ने कहा कि आमतौर पर ग्रामीण फसलों और साग भाजी के उत्पादन को ही कृषि से जोड़कर देखते हैं। लेकिन वास्ताव में

मत्स्य पालन, बकरी पालन, पोल्ट्री फार्म भी कृषि के अंतर्गत ही आते हैं और इन कार्यो को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं भी संचालित कर रही है। जिसका लाभ लेकर ग्रामीण अच्छा रोजगार और आय अर्जित कर सकते हैं। उन्होने ग्रामीणों को इस तरह के कार्यो तथा उद्यानकी कृषि के साथ मत्स्यिकी से भी जुडने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद कृषि सभापतिभाई पीयूष ठाकुर ने भी हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दिये ,कार्यक्रम में मत्स्यिकी विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम संपन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में 16 मार्च 2023 दिन गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम संस्कार सिटी कॉलेज एवं नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आईक्यूएसी समिति के सहयोग से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन, छत्तीसगढ़ की प्रदेश महिला अध्यक्ष आरती सिंग, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष कविता छाबड़ा, विधिक सलाहकार संदीप नागरे, दल्ली राजहरा महिला अध्यक्ष गीतांजलि उपस्थिति थे। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम उड़ान सपनों की में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक एवं अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी तथा मुख्य टिकट निरीक्षक रेखा पदम का सम्मान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के द्वारा श्रीफल, शाल एवं मोमेंटो देकर किया गया। सम्मानित अतिथियों ने अपने आशीर्वचन में प्रशिक्षणार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

तत्पश्चात महाविद्यालय में नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के साथ मिलकर समाज सेवा हेतु कार्य करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

शराब भट्टी हटाने वार्डवासियों ने खोला मोर्चा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के ग्रामीण वार्ड मोहरा बाईपास से शराब दुकान हटाने वार्डवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर गुरुवार को भाजपा नेता आलोक श्रोती वार्डवासियों के साथ सहायक आयुक्त आबकारी से मिले और शराब दुकान का स्थान बदलने ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि मोहारा बाईपास रोड में शराब दुकान की वजह से गांव का माहौल पूरी तरह से खराब हो चुका है। शराब के नशे में लोग गाली-गलौज कर रहे हैं जिससे खासतौर पर महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तो वाद-विवाद की स्थिति भी बनी। वार्डवासी ने बताया कि इससे पहले भी कलेक्टर

को ज्ञापन सौंपा था, जिन्होंने आश्वासन दिया था कि स्थान परिवर्तन शराब दुकान का कर दिया जाएगा, लेकिन अब तक शराब दुकान नहीं हटी है, जिसके चलते वार्डवासियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि 31 मार्च तक स्थान परिवर्तन नहीं हुआ तो मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।

मीठे जल को लेकर विधायक ने पीएचई विभाग को घेरा

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक आशीष छाबड़ा ने नियम 138 (1) ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से छत्तीसगढ़ विधानसभा में बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र में बिछाये जा रहे जल आवर्धन योजना के अंतर्गत मीठे पानी प्रदाय के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य तथा उस पर अब तक पानी की सप्लाई ना किए जाने के मुद्दे को उठाया, जिस पर विभागीय मंत्री ने जल आवर्धन योजना का पीएचई से नगर पालिका परिषद बेमेतरा को स्थानांतरण किए जाने की बात कहीं। मंत्री के जवाब को सुनकर विधायक आशीष छाबड़ा ने सदन में कहा कि उनके पास आज दिनांक का मुख्य नगर पालिका अधिकारी का वह पत्र हैं जिसमें उन्होंने पीएचई से जल आवर्धन योजना का हस्तांतरण नगर पालिका परिषद बेमेतरा को नहीं किए जाने की बात कहीं हैं। विधायक आशीष छाबड़ा ने अपनी बात को कहते हुए कहा कि 10 वर्ष से अधिक हो चले हैं इस योजना को 2 बार इस योजना में स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई हैं, लेकिन अब तक बेमेतरावासियों को मीठा पानी नसीब नहीं हो सका हैं। बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र वैसे भी खारे पानी की समस्या से ग्रसित क्षेत्र हैं, जिसमें आम जनता को पानी से होने वाली नाना प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा हैं, ऐसे में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का सुस्त चाल से मीठे पानी को सभी वार्डों में पहुंचाने की योजना समझ से परे हैं। बेमेतरा के अधिकांश

वार्डों में पेयजल का संकट आन खड़ा हुआ हैं और अब तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल आवर्धन योजना के तहत सभी बालों में सप्लाई पाइप लाइन भी नहीं बिछाई हैं। ऐसे में यह योजना कब पूरी होगी, इस योजना का लाभ लोगों को मिल भी पाएगा अथवा नहीं यह एक सोचनीय विषय हैं। विधायक आशीष छाबड़ा ने सदन में मांग की कि एक निश्चित समय तय किया जाए, जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के आला अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि समय पर काम पूरा हो सकें। ज्ञात हो कि बेमेतरा जिलें में मीठे जल की सब पूर्ति के लिए वर्ष 2012-13 में तत्कालीन विधायक ताम्रध्वज साहू के प्रयासों से बेमेतरा में जल आवर्धन योजना प्रारंभ की गई थी, जिसके लिए शासन ने 16 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की थी, समय पर काम पूरा नहीं होने एवं योजना की राशि खत्म होने के कारण वर्ष 2016 से 2018 तक इस योजना का काम बंद पड़ा रहा, विधायक आशीष छाबड़ा अपने विधायक की कार्यकाल के प्रारंभ में ही बेमेतरा के सभी वार्डों में मीठा पानी पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित होकर विधानसभा से लेकर मंत्रालय तक अपनी बातों को रखते रहें, जिसके परिणाम स्वरूप जल आवर्धन योजना को पुनरीक्षित स्वीकृति प्रदान करते हुए 21 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई, वर्ष 2019 से स्वीकृति उपरांत भी आज दिनांक तक बेमेतरा नगर पालिका परिषद के 21 वार्डों में से मात्र 11 वार्डों में ही मीठे पानी की आंशिक सप्लाई हो पा रही हैं तथा 18 वार्डों में पाइपलाइन बिछाया जा चुका हैं। विधायक आशीष छाबड़ा लगातार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आला अधिकारियों को भी इस विषय में बैठक लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते रहे हैं, किंतु फिर भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बेमेतरा के आला अधिकारियों के कानों में जूं नहीं रेंगता हुआ देख विधायक आशीष छाबड़ा ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से सदन का ध्यान इस गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित कराया। विभागीय मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने इस विषय में अति शीघ्र समय सीमा तय कर कार्य को पूर्ण कराने की बात सदन में कही हैं।

गुणवत्ताविहीन चना वितरण को लेकर अपने ही विधायक से घिर गए खाद्य मंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा बजट सत्र की कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को सदन में कांग्रेस विधायक अमितेश शुक्ल ने अपनी ही सरकार के मंत्री अमरजीत भगत को घेरा। उन्होंने कहा कि गरियाबंद और देवभोग में चना सप्लाई में बड़ी गड़बड़ी हुई है। विधायक अमितेश ने पूछा कि 10 फरवरी 2023 तक पौष्टिक आहार योजना के तहत कब-कब और कितनी मात्रा में चना वितरण के लिए प्राप्त हुए। गरियाबंद में वितरण के लिए दिए गए चना की गुणवत्ताहीन होने की शिकायत प्राप्त हुई है? इस पर क्या कार्रवाई हुई। जवाब में मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा प्रदायकर्ता एजेंसी से चना की प्राप्ति पीडीएस प्रदाय केंद्रवार की जाती है। चना गुणवत्ताविहीन होने की सूचना मिली थी, चना की गुणवत्ता जांच करने पर गुणवत्ताहीन चना को रिजेक्ट किया गया, जिसे सप्लायर द्वारा

वापस लिया गया। विधायक ने सवाल पूछा कि वितरण के लिए 2011 के नियमों का पालन किया गया था क्या?, जवाब में मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि भंडारण से पूर्व किसी भी सामग्री की गुणवत्ता की जांच की जाती है उसके बाद भंडारण की जाती है। इस जवाब पर विधायक अमितेश शुक्ल ने सप्लीमेंट्री सवाल पूछा कि सप्लायर के पैकेजिंग में घपला का लगाया आरोप, जिस चना को गरियाबंद में फेल किया गया था, उसे देवभोग में क्यों पास किया गया इसकी जांच होनी चाहिये। जवाब में खाद्य मंत्री ने कहा कि अगर कोई शिकायत है उस पर जांच कराई जाएगी।

अंग्रेजी में कांग्रेस विधायक ने पूछा सवाल तो स्पीकर डॉ. महंत ने भी दिखाए तेवर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र की कार्रवाई जारी है। आज सत्र का दसवां दिन है। इस दौरान पक्ष व विपक्ष में जोरदार टकराव देखने को मिल रहा। वहीं शांत व शालीन स्वभाव के माने जाने वाले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के भी कड़े तेवर देखने को मिल रहे। सदन में गुरूवार को सत्तापक्ष की टोका-टाकी पर जहां विस अध्यक्ष की नाराजगी देखने को मिली तो वहीं आज उन्होंने कांग्रेस विधायक को भी तीखे तेवर का सामना करना पड़ा। दरअसल, कांग्रेस विधायक अमितेश शुक्ल ने अपनी ही सरकार के मंत्री अमरजीत भगत को घेरा। कहा कि गरियाबंद और देवभोग में

चना सप्लाई में बड़ी गड़बड़ी हुई है। वो अंग्रेजी में बात कर रहे थे। इस दौरान चरणदास महंत के तीखे तेवर देखने को मिले। विधानसभा अध्यक्ष ने कह दिया कि अंग्रेजी में बात न करें। सदन में इंग्लिश में बात करने को लेकर मजाकिया माहौल भी बना। महंत ने साफ कह दिया कि यहां बहुत से लोग अंग्रेजी नहीं समझते ये आपकी व्यक्तिगत चर्चा नहीं है। पूरे प्रदेश की चर्चा है। आपके भाषण का छत्तीसगढ़ में प्रचार प्रसार होता है। इसके बाद कांग्रेस विधायक अमितेश शुक्ल ने अपने सवाल हिंदी में पूछा।

नेता प्रतिपक्ष ने भी इसी मुद्दे में घेरा

वहीं इसी सवाल पर नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि गरियाबंद में जो फॉर्म है उस पर कभी कार्रवाई हुई है क्या? जवाब में मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि दो शिकायतें हमारे तक आई थी, दूसरे शिकायत का जांच हुआ, जो अमानक पाया गया और उसे रिजेक्ट वापस कर दिया गया। एक जगह रिजेक्ट कर दिया गया तो दूसरे जगह कैसे मान्य होगा? विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा कि एक स्थान से हटाने के बाद उसी फर्म को बलौदा बाजार में पुनः ऑर्डर दिया गया, क्यों? जिस पर मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि गुणवत्ताविहीन होने पर हम रिजेक्ट करते है। गुणवत्ता युक्त समान लाने पर ही उसे लिया जाता है। विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा कि जांच समिति बनाकर जांच कर कार्रवाई की जाए।



पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने पीडीएस में 600 करोड़ के घोटाले का लगाया आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के शुक्रवार 17 दिसंबर को दसवें दिन पक्ष-विपक्ष में जोरदार तनातनी बरकरार है। विपक्षी भाजपा सरकार व मंत्रियों को घेरने का प्रयास कर रही है। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और समूचे भाजपा ने राज्य सरकार पर एक गंभीर और बड़ा आरोप लगाए। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने आरोप लगाया कि पीडीएस में 600 करोड़ का घोटाला हुआ है। जिस पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है। 24 मार्च 2023 तक जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। इससे विपक्ष के सदस्य सदन की कमेटी से जांच की मांग पर अड़ गए। विपक्ष की ओर से नारेबाजी शुरू हुई हो गई। सरकार पर कमीशनखोरी का आरोप भी लगा। हंगामे के कारण पहले कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद जब कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष के विधायक जांच की मांग को लेकर फिर से नारेबाजी करने लगे। स्पीकर डॉ. चरणदास महंत ने खाद्य मंत्री के जवाब के लिए उन्हें शांत कराने की कोशिश की, फिर अगला सवाल पूछने के लिए धर्मजीत सिंह का नाम पुकारा, फिर भी जांच कराने की मांग पर लगातार नारेबाजी होती रही, इसलिए स्पीकर ने प्रश्नकाल तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी।

डिवाइडर में टकराते ही ट्रक में लगी आग

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में ट्रक सड़क किनारे डिवाइडर से जा टकराई। टकराने के बाद से ट्रक में आग लग गई। जैसे -तैसे चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं ट्रक जलकर राख हो गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना लोहराकोट गांव के पास हुई है। रायपुर सिलतरा से कच्चा माल लोड कर ओडिशा के झारसुगड़ा जा रही ट्रक सड़क डिवाइडर से जा टकराई। टकराने के बाद से ट्रक में आग लग गई। जैसे -तैसे चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं ट्रक जलकर राख हो गया है। वहीं ट्रक में 33 टन माल था। जिसकी कीमत लगभग 4 लाख बताई जा रही है। सभी सामान जलकर राख हो गया। फ़िलहाल पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

दल से बिछड़ कर गांव पहुंचा हाथी का शावक

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के तपकरा क्षेत्र में नन्हा हाथी अपने दल से भटक कर गांव में आ गया है. दल से बिछड़े हाथी शावक ने वन कर्मियों की परेशानी बढ़ा दी है. वन विभाग हाथी शावक की सतत निगरानी करने में लगा है और उसे दल से मिलाने की तैयारी में जुटा हुआ है. वहीं ग्रामीणों में हाथी के शावक को देखने की होड़ मची हुई है. हाथी शावक ने गांव में किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया है। वन मंडल अधिकारी जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस हाथी शावक की रात और दिन को सतत निगरानी करने के लिए वन कर्मियों के दो अलग-अलग दल तैनात कर दिए गए हैं। ऐसी संभावना है कि राज्य की सीमा से लगा जंगल के किनारे पत्तों में आग के चलते अपने हाथियों के दल से यह शावक भटक गया है.

सफाई कार्यो में लापरवाही हुई तो होगी कार्यवाही : आयुक्त

कोरबा/नवप्रदेश। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने साफ-सफाई कार्यो में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा है कि सफाई कार्यो में यदि उदासीनता बरती गई, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई के कार्य नहीं हुए तथा लापरवाही सामने आई तो स्वच्छता कार्यो के संबंधित ठेकेदार व निरीक्षक, पर्यवेक्षक इसके लिए जिम्मेदार होंगे एवं उन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि पर्याप्त कर्मचारी, मशीनरी व संसाधन उपलब्ध कराए जाने के बाद भी यदि सफाई कार्यो में उदासीनता बरती गई, तो इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।